डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,905.30 +102.44
डॉलर 83.906 +0.141
रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,720
01 किलो 92,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 22 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक- 308, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का...

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## वीर शहीद नीलांबर पीतांबर की धरा से लातेहार, पलामू और गढ़वा की बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

झारखण्ड मुख्यमंत्री
**मंईयां**
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

**पलामू प्रमंडल** (लातेहार, पलामू और गढ़वा)
**की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

केवल 2 सप्ताह में 45 लाख निबंधन

अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत

31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)

सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में बिना देर पहुँचेगी सम्मान राशि



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 333364 (Women, Child Development & Social Security) 2024-25

# पूरे पलामू में दिखा भारत बंद का असर

## हुसैनाबाद, हरिहरगंज और छत्तरपुर में बंद समर्थक उतरे सड़कों पर, पसरा रहा सन्नाटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर भारतबंदी पूरे पलामू में इसका असर देखने को मिला। जिले के सभी प्रखंडा के बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे और यात्री बसों और अन्य वाहनों का आवागमन बंद देखा गया। ज्ञात हो कि यह भारत बंद आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा किया गया था। इस बंद का समर्थन झामुमो, कांग्रेस, भीम आर्मी और अन्य संगठनों के द्वारा किया गया था। हुसैनाबाद में भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। शहर में ज्यादातार दुकाने बंद और कुछ कुछ दुकानें खुली दिखी। जपला से मेदिनीनगर, जपला से नवीनगर, औरंगाबाद, गढ़वा, छतरपुर आदि जगहों पर जाने वाली लंबी दूरी के वाहन सड़कों पर नहीं चले। हुसैनाबाद में जेएमएम, राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा बंद के समर्थन में मुख्य बाजार में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। वहीं हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में भारत बंद पूरी तरह सफल रहा। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा और पूरे शहर में शांति बनी रही. मेडिकल स्टोर और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बाकी सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान, बाजार पूरी तरह से बंद रहे। एनएच 139 पर वाहनों का परिचालन बंद रहा। एससी एसटी आरक्षण में वर्गीकरण को लेकर भारतबंदी का प्रभावशाली असर पूरे छतरपुर में देखने को मिला। इस दौरान छतरपुर स्थित सारे प्रतिष्ठान बंद रहे तथा आवागमन भी बंद रहा। इस भारत बंदी के दौरान देखा गया कि छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से विभिन्न संगठनों व विभिन्न दलों के लोगों ने आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ दिन भर सड़कों पर अड़े रहे। वहीं छतरपुर पाटन विधानसभा पूर्व प्रत्याशी विजय राम ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 40 में लिखा है कि आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट कोई भी छेड़छाड़ नहीं कर सकता है।



### लेस्लीगंज में दिखा बंद का असर

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय सहित कई जगह लेस्लीगंज बाजार, हरसइन मोड और महावीर मोड़ जाम के साथ बंद का असर रहा` आपको बता दे की सुप्रीम कोर्ट के द्वारा एससी एसटी कोटा में उप वर्गीकरण करने के विरोध में भारत बंद किया गया। जिसका असर लेस्लीगंज बाजार सहित मेदिनीनगर पांकी मुख्य पथ दिनभर जाम रहा। वहीं आमजनो को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बंद के समर्थन में राष्ट्रीय जनता दल, अखिल भारतीय किसान महासभा, भाकपा माले, भीम आर्मी रविदास महासभा मुख्य रूप से शामिल थे। नेतृत्त्व कर रहे सैकड़ो लोग टायर जलाकर जगह जगह जाम को सफल बनाने में लगे रहे। साथ ही बंदी में इमरजेंसी सुविधा जैसे दूध वालों को, एम्बुलेंस, डॉक्टर, अति जरूरतमंद लोगों को छूट थी।

### सड़कों तक ही दिखाई दिया बंद का असर



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के लहलहे में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग एन एच 39 को चार घंटे जाम रखा।बंद का असर सिर्फ सड़कों पर दिखा। दुकान आम दिनों की तरह खुली रही। सतबरवा में बुधवार को साप्ताहिक हॉट बाजार लगता है,जो बंदी के कारण थोड़ा बहुत प्रभावित हुआ। वहीं सदर प्रखंड के लहलहे,सिंदुरिया,कुंडेलवा, झाबर, बारी समेत कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जितेंद्र राम, अरविंद कुमार, राहुल राम, मनीष राम, जितेन्द्र राम ,मिथलेश राम ने बुधवार को सुबह सात बजे से 11 बजे तक लहलहे में रांची - मेदिनीनगर मुख्य मार्ग को जाम किया। सतबरवा पुलिस इस दौरान मौके पर उपस्थित रही और जामकर्ताओं से जाम हटाने की अपील की।

## नावाबाजार में एनएच 98 घंटों रहा जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** सुप्रीम कोर्ट की ओर क्रीमी लेयर फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा घोषित देशव्यापी बंदी का नावाबाजार प्रखंड में व्यापक असर रहा। बंद समर्थकों ने नावाबाजार मुख्य पथ एनएच 98 को चार घंटों तक जाम रखा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आवश्यक सेवाओं को भी बाधित किया। बंदी के चलते गाड़ियों का परिचालन पूरी तरह ठप रहा। हालांकि सरकारी दफ्तर आम दिनों की तरह खुले रहे। क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार पर बंदी का असर पड़ा। वहीं राष्ट्रीय राज्य मार्ग 98 मुख्य पथ पर इक्के-दुक्के वाहन को छोड़कर आवागमन ठप्प रहा। बंद समर्थकों द्वारा जुलूस भी निकाला। सड़क पर यात्री वाहनों के नहीं चलने से यात्रियों को भी अपने गंतव्य तक जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व में जगह-जगह एएसआई भुनेश्वर तुरी सहित पुलिस बल तैनात थे।

## न्यूज | बॉक्स

### डेढ़ लाख नकद सहित लाखों की संपति चोरी, मामला दर्ज

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरा गांव निवासी राजेंद्र सिंह के घर में बीती रात चोरी हो गई.चोरों ने घर का ताला तोड़कर डेढ़ लाख नकद सहित लाखों रुपए का सामान चुरा ले गए। इस संबंध में गृहस्वामी के पुत्र सतीश सिंह ने विश्रामपुर थाना मे चोरी का मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र सिंह पिछले कुछ माह से सपरिवार मेदिनीनगर किराये के मकान में रहते हैं। पिपरा गांव स्थित घर पर ताला लगा रहता है। हालांकि गृहस्वामी राजेंद्र सिंह एक दो दिन बीच कर गांव के घर में आते जाते रहते हैं। मंगलवार की रात घर मे कोई नही था.जिसका फायदा उठाकर चोर घर में ताला तोड़कर घर में घुस गए और घर के पूजा रूम में भगवान को चढ़ावा चढ़ाया हुआ डेढ़ लाख रुपए सहित सभी कीमती सामान और कपड़ा - बर्तन भी चुरा ले गए। सतीश सिंह ने बताया कि चोरी गई सामानों की कीमत लाखों मे है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग



**विश्रामपुर।** आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखकर विश्रामपुर को जल्द अनुमंडल बनाने की मांग की है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में पेंटर जिलानी ने कहा है कि विश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है। राज्य सरकार को मानचित्र के साथ सभी जरूरी दस्तावेज पहले ही समर्पित किया जा चुका है। पत्र में पेंटर जिलानी ने मुख्यमंत्री से झारखंड में नगर निकाय चुनाव भी यथाशीघ्र करवाने का अनुरोध किया है। जिलानी ने विधानसभा चुनाव से पहले विश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा देने और नगर निकाय चुनाव करवाने का आग्रह किया है।

### मदन पासवान बने राजद के प्रदेश महासचिव व रिजवान सचिव बने



**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र के पुरन्दर विगहा अपने आवास पर राजद के वरीय कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत करते हुए कई जिम्मेदारी दी है। इसमें राजद के वरिष्ठ नेता सह पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जबकि हैदरनगर के करीमनडीह गांव निवासी रिजवान अहमद खान को प्रदेश सचिव बनाया गया है। मनोनयन पत्र देने के बाद राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पार्टी के प्रति संकल्प व निष्ठा को देखते हुए यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। इनके मनोनयन से पार्टी व संगठन को और मजबूती मिलेगी। जिम्मेदारी देने के उपरांत नवनियुक्त पदाधिकारियों को बुके देकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी की सांगठनिक मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही। कहा कि जो जिम्मेदारी दी गयी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। उक्त पदाधिकारी को जिम्मेदारी मिलने पर राजद नेताओं ने बधाई दी है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव, राजद नेता कलामुदीन खान, विनय सिंह यादव, रामप्रवेश राम, महेंद्र यादव, रामजनम सिंह, मो. खुर्शीद, कामख्या नारायण सिंह, सुदेश्वर राम, भरत पासवान, लल्लू पासवान, सत्यनारायण यादव आदि का नाम शामिल है।

## एक नजर

### लवली गुप्ता ने दिलीप से रिम्स में की मुलाकात

**पांकी।** पलामू और लातेहार के हेरहंज थाना के सीमावर्ती कारी माटी में बीते दिन दिलीप दांगी पर लूटपाट में गोली लगी थी। प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा लवली गुप्ता ने जाकर दिलीप दांगी से मुलाकात की व उनका हाल-चाल जाना। बताते चले कि उसे दिन बहुत से गाड़ी लूटपाट के घटना से पांकी पुलिस की सक्रियता से बच गई। लवली गुप्ता ने कहा कि पांकी और हेरहंज के बीच का जो इलाका है बहुत ही संवेदनशील इलाका है। इस तरह के घटना के पुनः घटने के कारण लोगों के मन में फिर से भय का माहौल बनने लगा है। प्रशासन से मांग करती हूं कि इस क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग शुरू किया जा,और अपराधियों का उद्वेदन कर उन्हें सजा दिया जाए ताकि भय मुक्त माहौल स्थापित हो सके।

### किसानों का ऑनलाइन मॉड में होगा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा का पंजीकरण

**हैदरनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी ने प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, जनसेवक व कृषि मित्रों को आदेश जारी किया है। जिसमें बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2024 - 25 का सफल क्रियान्वयन अतिआवश्यक और अतिशीघ्र करने का निर्देश दिया गया है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कृषकों को अधिक से अधिक आच्छादित करने और योजना का प्रचार प्रसार करने का दिशा निर्देश प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को वर्ष 2024 - 25 से पूरे झारखंड राज्य में कार्यान्वित की जा रही है। जिसके अन्तर्गत मौसम खरीफ 2024 - 25 में अगहनी, धान, भदई, मकई फसलों का बीमा किया जाना है। इस योजना का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31अगस्त तक निर्धारित है। उपरोक्त निर्देश के आलोक में संबधित सभी पदाधिकारी व कर्मियों को योजना का प्रचार प्रसार बढ़ाने के साथ ही किसानों को चयन कर नजदीकी सीएससी सेंटर से ऑनलाइन मौंड में पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है। उन्हें निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप किसानों को आच्छादित सुनिश्चत करने को भी कहा है।

## खिलाड़ियों के बीच बांटे 50 फुटबॉल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांच चरणों में फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच 50 फुटबॉल का वितरण किया गया। इसी उपलक्ष्य में बुधवार को मलय डैम अंधमनिया के मैदान मे फुटबाल वितरण समारोह का आयोजित कर डोरांग, अधमनिया,बेलवाहा गांव के कई खिलाड़ियों के बीच आठ फुटबॉल का वितरण हुआ। इस मौके आषीश कुमार सिन्हा ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक, मानसिक विकास होता ही है। इसके साथ गांव के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। समारोह में युवा नेता धीरज कुमार सिंह खिलाडी आशोक सिंह, अखिलेश सिंह, बाबूलाल सिंह, चिंतामणि सिंह, अरून सिंह, कलु सिंह, सुमनत सिंह, मुना सिंह, पवन सिंह, नन्दलाल सिंह, सोनु सिंह , देव सिंह, विकास सिंह, अनिल यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति का बंद रहा असरदार

### जबरदस्ती दुकान बंद कराने के दौरान कई दुकानदारों से हुई झड़प



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** आंदोलन बचाओ संघर्ष समिति द्वारा घोषित देशव्यापी बंदी का विश्रामपुर प्रखंड में व्यापक असर रहा। बंद समर्थकों ने बी मोड़ के पास गढ़वा -पड़वा मुख्य पथ एनएच 75 को तीन घंटों तक जाम रखा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आयाश्यक सेवाओं को भी बाधित किया।वही बंद समर्थकों ने विश्रामपुर स्थानीय बस स्टैंड की सभी दुकानें जबरदस्ती बंद कराया,इस क्रम में कई दुकानदारों से उनकी झड़प भी हुई।और बीच बचाव हेतु पुलिस को आनी पड़ी। वही बंदी के चलते गाड़ियों का परिचालन भी ठप रहा हालांकि सरकारी दफ्तर आम दिनों की तरह खुले रहे।बी मोड़ पर सड़क जाम के दौरान सभा भी आयोजित हुई। सभा को पूर्व सांसद घुरन राम,पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा,बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, जिला पार्षद विजय रविदास, बसपा नेता गोपाल राम,राहुल राज, सुरेंद्र भारती, हरिलाल कुमार रवि, सोना देवी, किशोर कुमार, सूरजमल राम, उपेन्द्र कुमार रवि, वीरेंद्र राम, नरेंद्र राम गुड्डू सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इससे पहले मंगलवार को देर शाम बंद समर्थकों द्वारा बसपा नेता गोपाल राम के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमे भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे।

## भगड़ा में विधायक मद से दशगात्र शेड निर्माण का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत अंतर्गत भगड़ा गांव के बबुआन टोला में मुख्य नहर के पास दशगात्र शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक कमलेश कुमार सिंह के कर कमलों से ऑनलाइन संपन्न हुआ। जिसके शिलापट्ट का उनके आदेशानुसार भगड़ा गांव के वार्ड नंबर 2 की वार्ड सदस्या रंजू सिंह ने पूजा-अर्चना के साथ किया। मौके पर पंकज कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, नीरज सिंह, धीरज कुमार सिंह, उदय सिंह,संतोष सिंह, अभिषेक सिंह, निरंजन सिंह, अंकित सिंह सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। लोगों ने कहा कि इसका निर्माण पूरा होने पर शेड के अभाव में धूप और बारिश में होने वाली परेशानी से दशगात्र के समय राहत मिलेगी। उन्होंने इसके लिए विधायक के प्रति आभार जताया है।

## खेत में मवेशी घुसने के मामले में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पीपरबार गांव निवासी हरेंद्र कुमार और सूबेदारबिगहा गांव निवासी जाफर अली खान के बीच खेत में मवेशी चले जानें को लेकर उत्पन्न विवाद में दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है। इस संबंध में प्रथम पक्ष के हरेंद्र कुमार ने हुसैनाबाद थाना में जाफर अली खान समेत 12 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरा मवेशी जाफर अली खान के धान के खेत में चला गया था। वह खेत से मवेशी लेकर जा रहे थे, जब हमने पूछा कि मवेशियों को कहां लेकर जा रहे हैं, इतना सुनते ही जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए पीटना शुरू कर दिया। कुछ देरी के बाद जाफर अली खान समेत दस बारह लोग हमारे घर में घुसकर घर की महिलाओं के साथ छेड़-छाड़ करने लगे। गांव के लोगों को आता हुआ देखकर सभी लोग वहां से फरार हो गए। वहीं जाफर अली खान ने दर्ज प्राथमिकी में कहा हैं कि हमारे खेत में जानवर घुसा था, उस जानवर को बाहर कर दिया। उसी रात पीपरबार गांव जाकर लोगों से कहा की अपना अपना जानवर बंधकर रखें, नहीं तो गांव में पंचायत बुलाएंगे, इतना सुनते ही लोगों ने गाली-गलौज देते हुए हरेंद पासवान समेत कई लोगों ने लाठी डंडे से पिटाई शूरू कर दी। जफर अली ने हरेंद्र पासवान समेत 16 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि दोनों ओर से लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

### सड़कों पर वाहनों के ठहराव से होती है परेशानी

## मोहम्मदगंज में जिला परिषद मद से बना बस पड़ाव नहीं हो सका है चालू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला परिषद मद से उसी की भूमि पर स्थानीय रविवारीय साप्ताहिक बाजार के पास बना बस पड़ाव अब तक चालू नहीं किया गया है। जबकि इसके निर्माण का काम 5-7 साल पहले ही लगभग पूरा कर दिया गया है। बताया जाता है कि इसका निर्माण पलामू जिला परिषद मद ने 50 लाख से अधिक की लागत से बनवाया है। अलबत्ता, इसका उपयोग शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों और सभा-बैठकों में किया जाता है, जिससे इसके निर्माण की उपयोगिता और सार्थकता पूरी होती है। मगर, जिस उद्देश्य से इसका निर्माण कराया गया है, उसकी पूर्ति होती नजर नहीं आती है। जबकि रेलवे स्टेशन होने की स्थिति में बड़ी-छोटी सवारी गाड़ियों और मुख्य मार्ग की वजह से अंतराज्यीय बसों के सड़कों पर यत्र-तत्र ठहराव से अव्यवस्था और जाम की स्थिति पैदा होती रहती है। लोगों का कहना है कि जब इस बस पड़ाव का निर्माण किया जा रहा था, तो आसपास के दुकानदारों को इसके चालू होने से उनकी रोजी-रोजगार की गारंटी और सड़क मार्ग के यात्रियों के लिए स्थायी जगह सुनिश्चित होने की उम्मीद जगी थी। लेकिन अब उनकी उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आने लगा है। लोगों का कहना है कि इस बस पड़ाव के करीब ही जिला परिषद मद से ही 12 वर्षों पहले इसी की भूमि पर बनी 32 दुकानों को भी दुकानदारों के बीच आवंटित कर दिया जाता है, तो दोनों ही सरकारी योजनाओं में लगी राशि की उपयोगिता और सार्थकता साबित होगी।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी मांगों को लेकर सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी में आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के लोगों ने बुधवार की दोपहर पांकी प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा को चार सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने के पश्चात भगत सिंह चौक के समीप आजाद समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज अहमद खान ने प्रखंड इकाई के लोगों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि भारत बंद के साथ सभी जिला एवं प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इस संबंध में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर पार्टी ने पूरे देश के जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया है। ज्ञापन पत्र के माध्यम स मांगे की गई है कि जातिगत जनगणना कराई जाए और अनुसूचित जाति एवं जनजातीय तथा अन्य पिछड़े वर्गों का आरक्षण कोटा सभी विभागों में पूरा किया जाए। इसके अलावे गैर सरकारी संस्थानों में भी आरक्षण व्यवस्था लागू किया जाए। साथ ही जब तक अनुसूचित जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग को का आरक्षण कोटा सभी विभागों में पूरा नहीं होता है, तब तक आरक्षण के इस प्रावधान को संविधान की नवीं सूची में डाल दिया जाए ताकि आरक्षण प्रधान प्रावधान में किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना हो सके। मौके पर आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेताओं समेत नागमणि रजक, अजय राम, राजदुद्दीन अंसारी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स
80,905.30 +102.44
डॉलर
83.889 +0.124
पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,760
01 किलो 85,050

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगी...

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 22 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-308, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## सीएम आज पलामू की महिलाओं को देंगे मंईयां सम्मान योजना की सौगात




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के पांच प्रमंडलों की पात्र महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ देंगे। इसके तहत गुरुवार (22 अगस्त) को पलामू प्रमंडल के मेदिनीनगर में और शुक्रवार (23 अगस्त) को उत्तरी छोटानागरपुर के हजारीबाग में महिलाओं को कार्यक्रम आयोजित कर मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जायेगा। इसके बाद 27 अगस्त को संताल परगना के दुमका, 28 को कोल्हान प्रमंडल के चाईबासा तथा 30 अगस्त को दक्षिणी छोटानागपुर के रांची में महिलाओं को योजना का लाभ दिया जायेगा। मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य में हर पात्र महिला को साल में 12 हजार रुपये दिये जायेंगे। योजना के तहत 21 अगस्त को शाम तीन बजे तक 42 लाख 85 हजार से ज्यादा आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का कार्यक्रम गुरुवार को चियांकी हवाई अड्डा में अपराहन एक बजे से होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग तथा आपदा प्रबंधन मंत्री दीपिका पांडेय सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम में पलामू एवं चतरा सांसद तथा प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी विधायकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीआईजी वाई एस रमेश, पलामू उपायुक्त शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल में चल रहे तैयारी का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

- 30 अगस्त तक चार अन्य प्रमंडलों में आयोजित होंगे कार्यक्रम
- 42 लाख 85 हजार से ज्यादा आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास लगातार दूसरी बार बने दुनिया के शीर्ष बैंकर, पीएम ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को 'ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024' में लगातार दूसरी बार ए+ रेटिंग मिलने पर बधाई दी। भारतीय रिजर्व बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को लगातार दूसरी बार इस उपलब्धि के लिए बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा, यह आरबीआई में उनकी लीडरशिप और देश की आर्थिक वृद्धि दर और स्थिरता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य को प्रमाणित करता है। ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा 'सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024' में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी थी, जिसमें सबसे अच्छी ग्रेड ए+, ए और ए- हैं। इस रिपोर्ट को 1994 के बाद से हर साल जारी किया जाता है। इसमें करीब 100 देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी जाती है। इसमें यूरोपियन यूनियन के अलावा पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स और सेंट्रल बैंक ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स शामिल हैं। इसमें ग्रेड महंगाई पर नियंत्रण, आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने, मुद्रा की स्थिरता और ब्याज दरों के मैनेजमेंट के आधार पर दी जाती है। ग्लोबल फाइनेंस के संस्थापक और एडिटोरियल डायरेक्टर जोसेफ जियारापुटो ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंकों ने महंगाई को कम करने के लिए अपने प्राथमिक विकल्प अधिक ब्याज दरों को उपयोग किया है, अब पूरी दुनिया में महंगाई में कमी देखने को मिल रही है।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 अगस्त को होगी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक शाम चार बजे से शुरू होगी। इस दौरान कई अहम प्रस्तावों पर कैबिनेट से मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने बुधावार को इसकी सूचना दी है। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

### रांची ईडी में तैनात अफसर ने साहिबाबाद में की आत्महत्या

**रांची।** रांची प्रवर्तन निदेशालय में तैनात एक अधिकारी आलोक कुमार रंजन ने मंगलवार शाम को आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास सुसाइड किया है। उनका शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। आलोक एक कथित भ्रष्टाचार मामले में प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच के दायरे में थे। 7 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय के एक सहायक निदेशक संदीप सिंह को 50 लाख रुपए रिश्वत मांगने के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने दावा किया था कि एक शिकायतकर्ता ने दावा किया कि संदीप सिंह ने उसके बेटे को गिरफ्तार नहीं करने के लिए 50 लाख रुपये की मांग की थी। सीबीआई ने संदीप को 20 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए दिल्ली के लाजपत नगर से गिरफ्तार किया था।

## आज कल




# जिले में भारत बंद असरदार रहा बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

- छह मुहान पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन, नहीं चली लंबी दूरी की बसें
- सड़कों पर उतरे कांग्रेस, झामुमो, राजद, वाम दल व आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य, पुलिस सभी चौक चौराहे पर थी मुस्तैद





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में वर्गीकरण के विरूद्ध विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित भारत बंद पलामू जिलें में पूरी तरह से सफल रहा। बंद को लेकर लंबी दूरी की बस नहीं चली। रेलवे स्टेशन पर बंद का कोई असर नहीं रहा। सभी ट्रेन निर्धारित समय पर स्टेशन पर पहुंची और उसके बाद अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। बंद को लेकर मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रहा। छहमुहान, सदिक मंजिल चौक, कचहरी चौक सहित अन्य स्थानों पर बंद समर्थकों द्वारा ट्रक, हाईवा, टैंकर, ट्रैक्टर आदि को आड़े-तिरछे कर जाम कर दिया गया था। कई स्थानों पर टायर जला कर विरोध जताया। बंद समर्थक केंद्र सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। बंद को लेकर पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात थी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां किया गया था। बंद को लेकरऑटो सहित अन्य छोटी सवारी गाड़ियों के नहीं चलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बंद समर्थक सुबह से ही सड़कों पर उतर गए थे। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, बहुजन समाज पार्टी, वामपंथी दलों ने भारत बंद का समर्थन किया था। बंद को सफल बनाने के लिए आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठन के लोग सड़क पर उतरे। बंद के कारण डालटनगंज, रांची, पलामू से बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश जाने वाली यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से ठप रहा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने बताया देश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग को विभिन्न जातियों में बांटने की यह साजिश है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बंद को पूरी तरह से समर्थन दिया है और मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थगित किया गया है। आरक्षण बचाव संघर्ष समिति के संदीप पासवान ने कहा देश में कॉलेजियम सिस्टम को भी खत्म करना शेष पृष्ठ 09 पर

## अब नौसेना ढूंढेगी जमशेदपुर से लापता ट्रेनी विमान

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से टेकऑफ करने के बाद से अलकेमिस्ट एविएशन के लापता ट्रेन विमान को रांची से आई एनडीआरएफ की टीम काफी मशक्कत के बाद भी नहीं खोज पाई। अब लापता विमान को खोजने के लिए भारतीय नौसेना मदद करेगी। विशाखापट्टनम से आज रात विशेष विमान से 15 लोगों की टीम, चार हाइड्रोसेलर्स मशीन व अन्य आवश्यक उपकरणों के साथ रांची पहुंचेगी। रांची से फिर यह टीम चांडिल के लिए रवाना होगी। नौसेना की पूरी टीम गुरुवार सुबह से चांडिल डैम में एयरक्राफ्ट की खोज शुरू करेगी। एनडीआरएफ की टीम बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे चांडिल डैम के अंदर घुसी। काफी खोजबीन करने के बाद भी अलकेमिस्ट एविएशन के लापता ट्रेनिंग विमान को नहीं खोज पाई। टीम के हाथ कुछ नहीं लगने पर दोपहर करीब डेढ़ बजे डैम के अंदर टीम बारह निकली। उसके बाद दोपहर करीब ढाई बजे दोवारा एनडीआरएफ की टीम डैम के अंदर घुसी। इस बार भी टीम को कुछ हाथ नहीं लगी और शाम करीब सवा पांच टीम डैम के अंदर से बाहर निकल आई। बुधवार की सुबह साढ़े नौ बजे एनडीआरएफ की टीम चांडिल डैम पहुंची। करीब एक घंटे बाद एनडीआरएफ की 18 सदस्यीय टीम विमान को तलाशने में जुट गई। एनडीआरएफ टीम के साथ एसडीओ शुभ्रा रानी, एसडीपीओ सुनील कुमार राजवार, बीडीओ तालेश्वर रविदास आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे सोनारी से उड़ान भरने के करीब 20 मिनट के बाद से विमान का संपर्क सोनारी एयरपोर्ट के एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से कट गया। इसके बाद लगातार एटीसी ने उनसे संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया, जिसके बाद से लापता विमान की खोजबीन जारी है।

## चंपाई सोरेन अपना राजनीतिक संगठन खड़ा करेंगे, समर्थकों से मिलकर लिया फैसला

**सरायकेला।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन अब फ्रंट फुट पर राजनीति के मैदान में उतर गए हैं। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने बुधवार को अपने पैतृक गांव झिलिंगगोड़ा, महुलडीह तथा हाता क्षेत्र में समर्थकों से मुलाकात के बाद अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि आगामी सात दिन के भीतर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। बीते मंगलवार को दिल्ली से वापस आने के बाद देर रात से उनके आवास पर समर्थकों का जमावड़ा लगा हुआ था। दिल्ली से लौटने के बाद उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि बहुत जल्द पता चल जाएगा कि वे क्या करने वाले हैं। बुधवार की सुबह भी बड़ी संख्या में समर्थक उनके आवास पर पहुंचे थे। समर्थकों से बातचीत के बाद चंपाई सोरेन अलग-अलग जगहों पर जाकर भी समर्थकों से मिल रहे हैं। अलग संगठन खड़ा करने की घोषणा के बाद ऑफ द शेष पृष्ठ 09 पर



### चंपाई का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, पांच घायल

**सरायकेला।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। बताया जाता है कि सरायकेला-खरसावां जिले के जिलिंगगोड़ा में मंगलवार देर रात करीब दो बजे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को ड्रॉप करने के बाद एस्कॉर्ट वाहन लौट रहा थी। इसी दौरान सरायकेला-कांड्रा मुख्यमार्ग पर शेष पृष्ठ 09 पर

## 45 सालों में पहली बार भारतीय पीएम पहुंचे पोलैंड

**वारसॉ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा के पहले चरण में बुधवार देर शाम पोलैंड की राजधानी वारसॉ पहुंच गए। पिछले 45 वर्षों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली पोलैंड यात्रा है। पीएम मोदी से पहले 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने पोलैंड का दौरा किया था और ऐसा करने वाले वह आखिरी प्रधानमंत्री थे। इन से पहले प्रधानमंत्री के रूप में जवाहरलाल नेहरू ने 1955 और इंदिरा गांधी ने 1967 में पोलैंड की यात्रा की थी। दो दिनों के पोलैंड यात्रा के बाद 23 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन जाएंगे। इससे पहले पीएम मोदी जुलाई के दूसरे हफ्ते में रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर गए थे। वॉरसा एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत किया गया। दो दिवसीय यात्रा के दौरान पीएम मोदी पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा और प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। सरकारी सूत्रों के मुताबिक,प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का मुख्य ध्यान रक्षा और रणनीतिक साझेदारी पर केंद्रित होगा।




**6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है आपसी व्यापार :** प्रधानमंत्री मोदी ने रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा था, पोलैंड की मेरी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब हमारे राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है। पोलैंड मध्य यूरोप में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है। लोकतंत्र और बहुलवाद के प्रति हमारी पारस्परिक प्रतिबद्धता हमारे संबंधों को और मजबूत बनाती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है जो पोलैंड को मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाता है। पोलैंड में भारतीय निवेश लगभग 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। वहीं भारत में पोलैंड का निवेश लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। पीएम मोदी यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में पोलैंड के अपने समकक्ष से चार बार मिल चुके हैं। उन्होंने मार्च 2022 में राष्ट्रपति डूडा से शेष पृष्ठ 09 पर

### दस घंटे की ट्रेन यात्रा कर यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचेंगे मोदी

पोलैंड की यात्रा समाप्त करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ट्रेन से यूक्रेन की राजधानी कीव जाएंगे, जिसमें लगभग 10 घंटे का समय लगेगा। इस यात्रा से भारत और यूक्रेन के बीच निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा मिलने की संभावना है और यह दोनों देशों के बीच मजबूत और अधिक जीवंत संबंधों की नींव रखने में सहायक होगी।

## इंडिया: भारत बंद बांग्लादेश भारत और आरक्षण का भय


**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

बांग्लादेश निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले परिवारों के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी मिलने वाले 30 प्रतिशत आरक्षण को हटाने की मांग को लेकर हुए हिंसक आंदोलन को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के कारण नहीं संभाल पाने के कारण 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना को त्याग पत्र देकर देश भी छोड़ना पड़ा। भारत पहुंची शेख हसीना के साथ यहां के नेताओं के पास एक आइडिया भी पहुंच गया कि इन्हीं परिस्थितियों का लाभ उठाकर इस मुद्दे को सुलगाया जाए। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी ने 9 अगस्त को संसद भवन में उनसे मिलने आए 100 दलित सांसदों को यह आश्वासन दिया था कि अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा और देर शाम केंद्र ने इसकी घोषणा भी कर दी थी।जबकि सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा था। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की सात जजों की बेंच के छह न्यायाधीशों ने एससी-एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण के पक्ष में फैसला सुनाया था , जबकि एक न्यायाधीश ने इसका विरोध किया था



।फैसला सुनाते समय यह सुझाव भी दिया गया था कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान होना चाहिए और यह अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी वर्ग पर लागू क्रीमी लेयर के प्रावधान से अलग होना चाहिए। इस निर्णय के कई पहलुओं की ओर लोगों का ध्यान गया है कि क्या अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर देने की जरूरत है? संविधान पीठ के सदस्य बीआर गवई ने इस बारे में कहा, ₹सरकार को अन्य पिछड़ा वर्ग की तरह अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रीमी लेयर लागू करने के लिए कुछ मानदंड तय करने चाहिए। ओबीसी और अनुसूचित जनजाति के लिए मानदंड अलग-अलग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए समानता के सिद्धांत को स्थापित करने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण हो सकता है। हालांकि क्रीमी लेयर के मानदंड क्या होंगे, इस पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की।जस्टिस पंकज मित्तल ने एक मानदंड का उल्लेख किया जिसका उपयोग अनुसूचित जनजातियों के बीच क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, "अगर एक छात्र सेंट स्टीफंस या किसी अन्य शहरी कॉलेज में पढ़ रहा है और एक छात्र ग्रामीण इलाके के स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहा है, तो इन दोनों छात्रों को एकसमान नहीं माना जा सकता है। अगर एक पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर आगे बढ़ी है तो अगली पीढ़ी को आरक्षण नहीं मिलना चाहिए।'

जस्टिस विक्रम नाथ ने भी कहा, 'अन्य पिछड़े वर्गों की तरह, क्रीमी लेयर का प्रावधान अनुसूचित जाति और जनजाति पर भी लागू होना चाहिए लेकिन मानदंड अलग होने चाहिए।' जबकि जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा ने कहा कि एससी/एसटी समुदायों के लिए 'क्रीमी लेयर' निर्धारित करने के लिए एक संवैधानिक आदेश की आवश्यकता है।भारत बंद शांतिपूर्ण हो तो संविधानसम्मत है पर कई स्थानों से तोड़फोड़ और हिंसा के प्रयासों के समाचार हैं । विकासशील भारत को विदेशों की तरह सांकेतिक विरोध के विकल्पों पर भी विचार करना चाहिए और अपने अभी भी वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर एससी/एसटी समुदाय के बच्चों के लिए भी सोचना चाहिए ।वोट गंवाने के डर से सभी पार्टियों और बुद्धिजीवियों तक ने चुप्पी साध रखी है पर वंचित लोगों के प्रति विचारधारा बुलंद होनी चाहिए न कि जबरन भारत बंद किया जाना चाहिए ।गरीब और पिछड़े मूक अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के हित की आवाज कौन उठाएगा ? हालांकि झारखंड में बहुत पहले कार्तिक उरांव और वर्तमान में भी कुछ लोगों ने इससे मिलते जुलते मामले उठाए थे पर राजनीति में समय के हिसाब से मुद्दे बदलते रहते हैं और अभी विधानसभा चुनाव भी हैं।

## पूर्व डीसी छवि रंजन को बेल पर अभी जेल से मुक्ति नहीं

**रांची।** जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को बुधवार को राहत मिल गयी। हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली है। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के फजीवाड़े से जुड़े मामले में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला सुनाया। हालांकि एक अन्य मामले में संलिप्तता के कारण अभी वे जेल में ही रहेंगे।

**लैंड स्कैम मामले में गिरफ्तार हुए थे छवि रंजन :** आईएएस छवि रंजन को रांची में हुए आर्मी लैंड स्कैम मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया गया है। ईडी को अपने जांच के दौरान पावर ब्रोकर के रूप में चिह्नित प्रेम प्रकाश सहित जमीन के दस्तावेज में जालसाजी करने वालों के साथ छवि रंजन के मधुर संबंधों और उन्हें मदद पहुंचाने से संबंधित तथ्य मिले है। चार मई को पूछताछ के दौरान छवि रंजन ने खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश की थी।

## जमशेदपुर पूर्वी से एनडीए प्रत्याशी होंगे सरयू राय : जदयू

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। सभी पार्टियां अपने-अपने स्तर पर तैयारियां और उम्मीदवारों का चयन करने लगी है। अब एनडीए गठबंधन में सहयोगी जदयू ने घोषणा कर दी है कि जमशेदपुर पूर्वी से पूर्व मंत्री सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। बिहार सरकार के मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी ने बुधवार को जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में जदयू मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से सरयू राय एनडीए के उम्मीदवार होंगे। कहा, पिछले विधानसभा चुनाव में तत्कालिन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराने वाले सरयू राय को इस बार उससे दोगुना वोटों से जीतने का संकल्प जदयू कार्यकताओं ने लिया है। मंत्री अशोक चौधरी से सवाल जब पूछा गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव में जदयू कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी तो उन्होंने कहा कि चुनाव एनडीए के बैनर तले लड़ा जाएगा। समय आने पर तय होगा कि चुनाव कितने सीटों पर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विशेष आग्रह कर सरयू राय को जदयू में शामिल कराया गया है।। अशोक चौधरी ने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में पूरे झारखंड में एनडीए का परचम लहराएगा। झामुमो और कांग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जो कमजोर होते हैं वही लोग भीतरी-बाहरी का राग अलापते हैं। लेकिन इस बार चुनाव में साफ हो जाएगा कौन भीतरी है कौन बाहरी है।

## एक नजर

### ग्रामीण बैंक में लटका रहा ताला

**केतार।** केतार बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में बुधवार को ताला लटका रहा। जिस कारण राशि जामा और निकासी करने आयें दर्जनों खाताधारकों को बैरंग वापस लौटना पड़ा।

### चलती बाईक में शार्ट सर्किट से लगी आग

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के पालनगर गांव के समीप शार्ट सर्किट से बाईक में आग लग गई। इस घटना में बाईक सवार महेंन्द्रा फाइनेंस के रिकवरी ऐजेंट अनपरा उत्तर प्रदेश निवासी प्रतीक कुमार बाल-बाल बच गये। जानकारी के अनुसार प्रतीक कुमार खैरवा गांव में महेंद्रा ट्रैक्टर का बकाया लोन का पैसा लेने के लिए गये थे। वहां से लौटने के क्रम में पालनगर गांव के समीप बाईक में आग लग गई। सड़क किनारे खड़े ग्रामीणों ने बाइक सवार का हल्ला कर उस ओर ध्यान दिलाया। हालांकि ग्रामीणों की सूझबूझ से बाइक पर पानी और बालू डालकर आग को बुझा दिया गया।

### हाजी की पत्नी का निधन, शोक

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया ग्राम निवासी हाजी नेजाम खान की पत्नी उम्र 75 हज्जन शाहजहां बेगम की मृत्यु बुधवार की हो गई। जानकारी मुताबिक इनका इलाज रांची रिम्स से चल रहा था।परिजनों ने बताया कि इलाज होने के बाद कुछ ही दिन पहले अपने घर लौटी थी।दोनों किडनी फेल होने कारण बुधवार को 2 बजे दिन में उनकी मृत्यु हो गई। मौत की सूचना पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडेय,अमरनाथ पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग परिजनों से मिलकर ढाढ़स बढ़ाया। मौके पर हैदर खान,अंजुमन कमेटी खजांची आजाद खान,सदर तौहिद खान सरपरस्त शमीम खान,तस्लीम खान,लालबाबु खान,टूटू खान,सद्दाम खान, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जिले के विभिन्न जगहों पर रहा भारत बंद का असर, सड़कों पर पसरा सन्नाटा




नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में दलित संगठनों द्वारा भारत बंद का केतार प्रखंड में मिला-जुला असर दिखा। इस भारत बंद का कांग्रेस,झामुमो,बासपा, राजद और लोक अधिकार पार्टी ने समर्थन किया। बुधवार की सुबह से ही बंद समर्थकों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने कोल मोड़ स्थित भवनाथपुर मुख्य पथ, खरौंधी मुख्य पथ और कांडी मुख्य पथ को जाम कर दिया। इससे आवागमन करने में लोगों को काफी परेशानी हुई। सड़क पर गाड़ीयों की लंबी कतार लग गई। इस मौके पर समाजसेवी अजय वर्मा और झामुमो नेता कामेश्वर सिंह ने कहा कि एक अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने दलित समाज के आरक्षण को लेकर जो फैसला सुनाया है वह सरासर गलत है, इसका विरोध में हम सभी लोग दलित समाज के साथ भारत बंद के समर्थन में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को निरस्त करें और संविधान द्वारा जो आरक्षण मिला है, उसे नवीं अनुसूची में शामिल कर दलित और पिछड़े, आदिवासी समाज के लोगों को उचित आरक्षण दिया जाये। वहीं करीब दो बजे थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने 50 बंद समर्थकों की गिरफ्तार कर थाना लाया गया। इसके बाद जाम हटा और सड़क पर आवागमन शुरू हुआ। इस मौके पर निरज चौबे,अजय वर्मा,महेंद्र पाल, बिंदु राम, रमेश राम, मनोरंजन गुप्ता,छोटन सिंह, अवधेश राम, धर्मेन्द्र कुमार राम, समरेश राम, अमलेश भारती,राजू सिंह,गुडन पासवान,सुनील राम, दिनेश वर्मा, सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### समर्थकों ने टायर जलाया और नारे लगाये

मेराल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रिमीलेयर आरक्षण पर दिए गए निर्णय के विरोध में बुधवार को मेराल बस स्टैंड में एनएच 75 पर बहुजन समाज पार्टी एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता ने 5 घंटे तक मुख्य सड़क को जाम रखा। इस दौरान छोटी बड़ी वाहनों का परिचालन दोपहर 3:30 तक बंद रहा। जामकताओं ने बस स्टैंड के दवा दुकान छोड़कर सभी दुकानों को बंद कराया। बंदी के दौरान चौराहे को चारों तरफ से रस्सी एवं बैरिकेडिंग से घेराबंदी की गई । बंद समर्थकों ने टायर जलाकर डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे बहन संविधान जिंदाबाद का नारा लगा रहे थे। साथ ही सरकार से आरक्षण में किए गए वर्गीकरण को वापस करने की मांग कर रहे थे। धरना के अंत में बसपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड कर्मी उर्दू टंकन रिजवान अंसारी को ज्ञापन सौंपा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी विष्णु कांत पुलिस बल के साथ तैनात रहे। मौके पर बसपा के प्रदेश सचिव सुनीता देवी,नंदा पासवान, ज्ञानी राम, उमाशंकर राम, पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव , कुंदन चंद्रवंशी, सुदीप सुमन, रामकेश राम, राहुल कुमार, श्री राम, रामकेश राम तथा दशरथ प्रसाद,सूर्य प्रकाश उर्फ सुड्डु, अतहर अली अंसारी, नवीन जायसवाल, अशोक राम, अरविन्द सिंह, अनिल चौधरी, अली शेर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### समर्थकों ने सड़क पर टेंट लगाकर प्रदर्शन किया



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में भारत बंद का मिलाजुला असर देखा गया। खरौंधी मुख्य बाजार में अधिकांश दुकानें बंद रहीं, जबकि कुछ स्थानों पर आवश्यक सेवाओं से संबंधित दुकानें खुली रहीं। बंद के दौरान सार्वजनिक परिवहन पर भी असर पड़ा, जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर झामुमों नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान के नेतृत्व में बंद समर्थकों द्वारा जुलूस निकाले गए और खरौंधी कोन मोड़ पर बंद समर्थक सड़क के बीचो बीच टेंट लगाकर प्रदर्शन भी किया। व्यापारिक संघ और संगठनों ने बंद का समर्थन किया, जिससे बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। हालाँकि, सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में उपस्थिति सामान्य रही। थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी के द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। ग्रामीण इलाकों में बंद का असर अपेक्षाकृत कम देखा गया, जहाँ जनजीवन सामान्य रहा। कुल मिलाकर, खरौंधी में भारत बंद का असर मिश्रित रहा, जिसमें प्रखंड के कुछ हिस्सों में व्यापक समर्थन देखा गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में इसका प्रभाव कम ही दिखाई दिया।। मौके पर पूर्व जिलापरिषद प्रत्याशी श्यामसुंदर राम, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, हिफाजत अंसारी,विनोद यादव,सिया राम,राकेश उरांव ,विजय मेहता, जाकिर हुसैन, अजित यादव,मुहब्बत हुसैन,सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल डीएसई से मिला

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा से उनके कार्यालय कक्ष में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मिला। वहीं उन्हें बुके देकर गढ़वा जिले में पदस्थापन की बधाई दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा से शिक्षकों की सेवा संपुष्टि में हो रही कठिनाइयों, ग्रेड -7 की प्रोन्नति में विभिन्न प्रकार की अड़चनों एवं ग्रेड -4 की प्रोन्नति में तेजी लाने तथा शिक्षकों के अन्य समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा ने बताया कि शिक्षकों के विभिन्न मांगों के प्रति वे संवेदनशील है। वहीं इस मार्ग में आ रही सभी कठिनाइयों को यथाशीघ्र दूर किया जाएगा। वहीं क्रमिक रूप से इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल की उनके साथ बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई।।इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे, महासचिव दिलीप कुमार श्रीवास्तव, राज्य कार्यसमिति सदस्य आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, संगठन महामंत्री चंद्रदेव सिंह, संयुक्त सचिव रविंद्र कुमार ओझा ,गोरख धर दुबे ,रविंद्र प्रसाद, राकेश रोशन, राम जी यादव, पुरुषोत्तम कच्छप, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार पाठक, बाबूलाल सिंह आदि मौजूद थे।

## सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांग एक ज्वलंत मुद्दाः एमएन खान

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** एआईएमआईएम के तत्वावधान में चिनिया प्रखंड के चिनिया बाजार और भारतीय स्टेट बैंक के पास हल्ला बोल पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एआईएमआईएम के पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधान सभा के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांग एक ज्वलंत मुद्दा है। बावजूद इसके यहां के स्थानीय विधायक सह प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। आज सहायक अध्यापक दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सहायक अध्यापक कई बार अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया। लेकिन उन्हें लाठी और आश्वासन के सिवाय कुछ हासिल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम की अध्यक्षता में सहायक अध्यापक संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक हुई थी। लेकिन बैठक में शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम के द्वारा सहायक



अध्यापकों की मानदेय में सिर्फ दो हजार रुपए की बढ़ोतरी किए जाने की बात कही गई। जिसे सहायक अध्यापक संघ का प्रतिनिधि मंडल नहीं माने। वहीं बैठक बे नतीजा साबित हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड के वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व यह घोषणा की गई थी कि उनके कार्यकाल में तीन महीना के अंदर ही सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाएगा। साथ ही उनकी हर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लेकिन अब झारखंड सरकार का कार्यकाल पूरा होने वाला है। बावजूद इसके अभी तक झारखंड सरकार के द्वारा सहायक अध्यापकों को वेतनमान नहीं दिया गया। जिसके कारण सहायक अध्यापक वेतनमान की मांग को लेकर लगातार करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो वह सबसे पहले सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिलाने का कार्य करेंगे। ताकि सहायक अध्यापको के जीवन का स्तर बेहतर हो सके। इस अवसर पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा विधानसभा भावी प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला संरक्षक अब्दुल शकूर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आशिक मंसूरी, सोशल मीडिया गढ़वा जिला प्रभारी मौलाना मजहर हुसैन, युवा के जिला अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मेराल प्रखंड उपाध्यक्ष मुजाहिद अंसारी, साबिर अंसारी, रहीमुद्दीन अंसारी, हसनैन मंसूरी, विनय सिंह खरवार, दशरथ सिंह खरवार, सुनील यादव, जितेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, गढ़वा प्रखंड मीडिया प्रभारी दाऊद इब्राहिम, जमीरउद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जल निकासी अवरूद्ध करने की शिकायत एसडीओ से की

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के कल्याणपुर गांव निवासी डॉक्टर महबूब आलम ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जल निकासी को अवरूद्ध करने की शिकायत की है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिए गए आवेदन में डॉक्टर महबूब आलम ने कहा है कि वह कल्याणपुर गांव निवासी मोहम्मद इस्माइल अंसारी के पुत्र हैं। वह कल्याणपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा है कि कल्याणपुर के खाता नंबर 53, प्लॉट संख्या 873 जो रोड से उत्तर तरफ एवं प्लॉट संख्या 872 जो रोड के दक्षिण साइड में पड़ता है। उन्होंने कहा है कि उनके जमीन में नाली का निर्माण किया गया है। इसी जमीन में वैकल्पिक भंव डालकर बरसाती पानी निकालने के लिए लगाया गया था। चूंकि अब नाली का निर्माण हो चुका है। जो वैकल्पिक भंव लगा हुआ था। वह नाली से नीचे चला गया है। इसके बाद इस स्थान से कुछ दूरी पर सरकारी योजना से नाली एवं कलभट (नया पुल) का निर्माण किया गया है। ताकि लोगों को पानी निकासी करने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। लेकिन नाली से कलभट (नया पुल) तक जल निकासी करने से कल्याणपुर गांव निवासी अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ ताहिर अंसारी बा जबरदस्ती रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि अलीमुद्दीन अंसारी के द्वारा कहा जा रहा है कि उनके घर के सामने नया कलभट जो बना है। सरकारी योजना से नहीं बल्कि विधायक कोटा से वे स्वयं बनवाए हैं। इस कलभट में किसी भी गली एवं नाली का पानी नहीं जाने देंगे। उन्होंने कहा है कि तीनों गली का पानी एवं नाली का पानी अलीमुद्दीन अंसारी के द्वारा नहीं निकासी करने दिया जा रहा है। अलीमुद्दीन अंसारी के द्वारा कहा जा रहा है कि जो करना है करो, जहां जाना है जाओ, थाना, पुलिस, कोर्ट कचहरी डीसी एवं विधायक सबको हम देख लेंगे। जबकि सरकारी योजना से नाली एवं कलभट का निर्माण कराया गया है। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से तीनों गली एवं नाली के जल निकासी जारी करने हेतु उचित कार्रवाई करने की मांग की है। डॉक्टर महबूब आलम ने कहा है कि वे आवेदन की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व उपायुक्त गढ़वा को दिए हैं।

### सीढ़ी से गिरकर महिला घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाड़ा गांव निवासी ब्रह्मानंद पासवान की पत्नी संगीता देवी सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में संगीता देवी ने बताया कि वह अपने घर के छत पर चढ़कर कुछ काम करने गई थी। आंधी पानी आने के कारण वह सीढ़ी से जल्दी-जल्दी में उतर रही थी। इसी क्रम में गिरकर घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहा उसका इलाज चल रहा है।

## भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट में चार घायल

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** हेताड़ खुर्द गांव के केल्हा झरिया टोला में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में एक पक्ष की एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में शिवदत्त राम, उसकी पत्नी कुमारी देवी एवं पुत्र सत्येंद्र चंद्रवंशी शामिल हैं। इनमें कुमारी देवी का इलाज गढ़वा सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में शिवदत्त राम ने बताया कि विगत 28 वर्षों से गांव के ही एक गैरमजरूआ भूमि को अपने नाम से बंदोबस्त कराया है और उसका जोतकोड़ करता है। लेकिन विगत एक-दो वर्षों से उसके गांव के ही सुरेश सिंह ने यह कह कर विवाद शुरू कर दिया है कि उक्त गैरमजरूआ भूमि मेरी रैयती भूमि के बगल में होने के कारण उस पर दावा करते हुए विवाद कर रहा है। इसे लेकर एसडीएम कोर्ट से शिवदत्त राम के पक्ष में निर्णय भी आ चुका है। लेकिन सुरेश सिंह ने जबरदस्ती जोतकोड़ का प्रयास किया। तब शिवदत्त राम एवं उसके घरवालों ने मना किया। इसे लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए। इस घटना में सुरेश सिंह, सूर्यदेव सिंह, यदुनाथ सिंह आदि को मारपीट कर घायल कर दिया।

## धुरकी में भारत बंद का मिलाजुला रहा असर

नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** झामुमो के कार्यकर्ताओं ने धुरकी प्रखंड मुख्यालय के समीप बस स्टैंड में 2 घंटे तक मुख्य सड़क पर बैठे रहे।भारत बंद समर्थकों ने सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया है। भारत बंद का धुरकी में मिला-जुला असर रहा बन्द समर्थक दुकानों को बंद करने निकले थे। एक तरफ से बंद करा रहे थे दूसरी तरफ से दुकान खुलती जा रही थी। आवागमन अन्य दिनों की तरह समान्य रहा। बंद समर्थकों ने कहा कि पूरे भारत में एससी-एसटी संगठन के जितने भी लोग हैं वह सभी एक साथ 21 अगस्त को बंद का आह्वान किए थे। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जो निर्णय दिया गया था कि एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण किया जा रहा है। वर्गीकरण से हमारी एकता का खंडन होगा। उसके खिलाफ सड़क पर उतर कर हम सभी एक संदेश देना चाहते हैं. साथ ही भारत सरकार से अपेक्षा करते हैं कि एक्ट बनाकर नौवीं अनुसूची में इसे डाला जाए और आरक्षण की जो व्यवस्था है वह बनी रहे। साथ ही सभी

### लोहे जैसी सामग्री फेंकने से सनसनी

**केतार।** थाना क्षेत्र के पालनगर गांव में मक्का के खेत में लोहे जैसा समाग्री फेंके जाने की खबर से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मुखिया व थाना प्रभारी को दी। वहीं गांव की महिलाएं घास काटने मक्का की खेत में गयी थी। इसी दौरान उन्होंने देखा की लोहे की चादरा के जैसा करीब (200 पीस )फेंका हुआ है। महिलाएं गांव में आकर इसकी जानकारी दी। जानकारों के अनुसार ऐसा लोहे का चदरा 25 केवी ट्रांसफर में रहता है। इसके अंदर पीतल या तांबे का विधुत वायर रहता है जिसे निकाल कर इसका कवर को फेंका गया है।

### 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण का समापन

# आय में वृद्धि कर अपने व परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करें : निदेशक

**हमारा देश कृषि प्रधान है, यहां की आर्थिक स्थिति कृषि पर ही आधारित हैं**

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान की और से चल रहे 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण का समापन बुधवार को किया गया। संस्था के निदेशक इंदु भूषण लाल ने लोगो के बीच




प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा की हमारा देश कृषि प्रधान है। यहां की आर्थिक स्थिति कृषि पर ही आधारित हैं। यहां पर महिलायें व पुरूष दोनों ही कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यही इनकी आय का स्त्रोत है। परम्परागत कृषि न करके तकनीकि कृषि को अपनाकर एक सफल उद्यमी बनें। जिससे स्वयं की आय के साथ-साथ अन्य लोगों की आय में भी इजाफा हो सकें। आप लोग यहां से जाकर अपने कृषि आधारित काम को शुरू कर दे। ताकि आप अपनी आय में इजाफा कर अपने व परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना ही एक सफल कृषि उद्यमी का उद्देश्य होना चाहिए। संकाय मिथलेश कुमार सिंह ने कहा की प्रशिक्षण के दौरान आपको किस तरह से कृषि कार्य करना है जो आप लोगो ने सीखा है।आप कृषि काम करते हुए अपने कार्य क्षेत्र में आगे बढ़ें। जिससे आपकी पहचान एक सफल उद्यमी के रूप में हो सके। पंकज कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोगो ने काफी मन से ट्रेनिंग प्राप्त किया है, जो आपको स्वरोजगार के दौरान काफी मददगार होगा। इस अवसर पर रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, सुरेंद्र रवि, प्रेमनाथ और प्रदुमन उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड में बंद असरदार रहा

**बड़गड़।** बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आह्वान पर भारत बंद का मिला-जुला असर देखा गया। अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में बड़गड़ मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र की दुकानें व यहां के सभी प्राइवेट स्कूल बंद रहे। वहीं सरकारी स्कूलों में सामान्य दिनों की तरह पठन-पाठन का कार्य नियमित रूप से संचालित हुआ। बड़गड़ प्रखंड मुख्यालय का इकलौता जेआरजीबी बैंक खुला रहा। लेकिन बंद के कारण काफी कम संख्या में खाताधारक बैंक पहुंचे। बंद के दौरान बड़गड़ बाजार की लगभग सभी दुकानें खुली रही। बड़गड़ से खुलने वाली लंबी दूरी के यात्री वाहन व छोटे-मोटे चौपहिया वाहन भी नहीं चले जिस कारण यात्रियों को अपने गंतव्य पर जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण पर दिए फैसले के विरुद्ध यहां के झारखंड मुक्ति मोर्चा सहित अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के कार्यकर्ता बंद को सफल बनाने को लेकर सक्रिय देखे गए। भारत बंद की पूर्व संध्या पर आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश मिंज के नेतृत्व में बड़गड़ बाजार में मशाल जुलूस निकाला गया। जूलूस के माध्यम से महासभा के सदस्यों ने भारत बंद को सफल बनाने की अपील की।

### बंद समर्थक उतरे सड़कों पर, किया छह घंटा एनएच जाम

**श्री बंशीधर नगर।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी,एसटी एक्ट के आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू किए जाने के विरोध में आयोजित राष्ट्व्यापी बंदी का असर श्री बंशीधर नगर में रहा। झामुमो,राजद,बहुजन समाज पार्टी,कांग्रेस,राजद और माले नेताओं ने संयुक्त रूप से 6 घंटा एनएच 75 को जाम कर दिया। जाम होने से सड़क के दोनो ओर लंबी वाहनों का कतार लग गया। 6 घंटे के बाद स्थानीय थाना में 210 लोगो ने गिरफ्तारी दिया। बंशीधर नगर के गोसाईबाग मैदान के समीप पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, के नेतृत्व में तथा भवनाथपुर मोड़ के समीप बसपा नेता पंकज चौबे और एससी,एसटी मोर्चा के सुभाष पासवान,प्रदीप राम, गुलाब पासवान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगो ने सड़क जाम किया था। सड़क जाम के दौरान लोगो ने एसटी एससी को छेड़ना बंद करो, सविधान को छेड़ना बंद करो, सर्वोच्च न्याययलय हाय हाय, न्यायालय अपना आदेश वापस लो के नारे लगा रहे थे। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने कहा कि बाबा भीम राव अंबेडकर के बनाए संविधान के साथ केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के माध्यम से छेड़छाड़ कराना चाह रहा है। नेताओ ने कहा कि किसी भी कीमत में संविधान के साथ छेड़ छाड़ नही करने दिया जाएगा। भारत बंद के समर्थन में झामुमो नेता निर्मल पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम,मनोज पासवान,पप्पू सिंह, झामुमो नेत्री किरण देवी, उषा देवी, सीताराम, शंभू राम,श्रवण सिंह, बसपा के पंकज चौबे, कांग्रेस के मानिक राम, ओम प्रकाश चौबे, राजद के राजकुमार राम ,भाकपा माले के कामेश्वर विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दल और एससीएसटी मोर्चा के लोग उपस्थित थे।

### बंद समर्थकों ने लगाया केंद्र सरकार विरोधी नारा, प्रतिष्ठानों को कराया बंद

**डंडई ।** एससी, एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के विरोध में बुधवार को बुलाए गए भारत बैंद का प्रखंड क्षेत्र में व्यापक असर रहा। प्रतिष्ठानों के साथ-साथ छोटी बड़ी वाहनों का भी परिचालन सुबह से शाम तक पूरी तरह बंद रहा। वहीं बंदी को लेकर झामुमो, राजद ,बसपा व कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार की अहले सुबह सड़क पर उतर आए। इस बीच उक्त लोगों के द्वारा यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास सर्व दलीय बैठक कर अलग-अलग टुकड़ों में होकर प्रतिष्ठान से लेकर वाहनों को बंद कराने के लिए सड़क पर उतरा गया ।डंडाई के अंबेडकर चौक के पास बास का बैरिकेडिंग कर वाहनों को आने जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया । उक्त कारण कुछ देर के लिए वाहन चालकों के बीच अपरा तफरी का माहौल बन गया । सभी लोग जानकारी लेकर मुख्य सड़क के बजाय गांव के दूसरे सड़क के माध्यम आना-जाना शुरू कीए । उसके बाद टेंपो में लाउडस्पीकर बांधकर आरक्षण वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के विरोध में उनके द्वारा नारेबाजी करना शुरू कर दिया गया । इस दौरान ने जातीय आधारित भेदभाव करना बंद करो, पिछड़ों को 52 प्रतिशत का आरक्षण दो, भारतीय न्यायिक सेवा लागू करो इत्यादि नारा लगाया गया। बंदी को लेकर झामुमो के राजेश मेहता, चंद्रशेखर प्रसाद, आनंद प्रकाश ,दीनानाथ पांडे, शनि कुमार, नंदू यादव, सुनील यादव, प्रमोद राम, मनीरूद्दीन अंसारी,नकछेदी कांत, कांग्रेस के अक्षय कुमार, भोलाराम ,शरीफ अंसारी, कांग्रेसी कार्यकर्ता अक्षय कुमार काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तिथि निर्धारित

**केतार।** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 30 अगस्त से 15 सितम्बर तक 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने केतार प्रखंड के सभी सातों पंचायतों के लिए तिथि निर्धारित की है। केतार प्रखंड में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 31 अगस्त को परती कुशवानी पंचायत में होगा। वहीं 3 सितंबर को पाचाडुमर पंचायत, 6 सितम्बर बलिगढ़.पंचायत, 7 सितम्बर को मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन में, 10 सितम्बर को परसोडीह और 14 सितंबर को लोहरगाडा.पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया जायेगा और आवेदन लिया जायेगा।

### विद्यालय से चोरी गई सामग्री बरामद

**धुरकी।** प्लस टू उच्च विद्यालय धुरकी के छात्रावास में गर्मी के दिनों में विद्यालय में हुई चोरी मे संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी थाना परिसर में बुधवार को एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह व पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा 15 जून को धुरकी थाना में लिखित आवेदन देकर विद्यालय से चोरी होने का शिकायत दर्ज की थी, जिसमें 40 बेड 80 फाइबर का कुर्सी एवं गद्दा चोरी कर ली गई थी। वहीं धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार द्वारा चोरी में संलिप्त अभियुक्त अजय कुमार को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया था। उसके साथ रोहित कुमार चंद्रवंशी भी चोरी करने में साथ था। रोहित कुमार चंद्रवंशी अपने घर से फरार है। उन्होंने बताया कि चोरी हुई सामग्री को पुलिस ने लोहे का बेड 20 पीस गदा 11 पीस फाइबर कुर्सी 21 पीस को धुरकी पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। इस कांड में फरार रोहित कुमार चंद्रवंशी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस संभावित जगहों का तलाश कर रही है। छापेमारी दल में शैलेंद्र कुमार यादव, बीकू कुमार रजक ,पिंकू कुमार व सशस्त्र बल शामिल थे।

### भाजपा मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया गया

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा गढ़वा रंका विधानसभा भाजपा के सभी मनोनीत मंडल अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। इस दौरान गोवावाल मंडल के मंडल अध्यक्ष परीक्षित तिवारी, गढ़वा नगर मंडल के मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, चिनिया मंडल के मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह, मेराल उत्तरी मंडल के मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मेराल दक्षिणी मंडल के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, रंका उत्तरी मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रकाश दास, रंका दक्षिणी मंडल के मंडल अध्यक्ष बलराम यादव को अंग वस्त्र प्रदान सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### भारत बंदी के कारण सरकारी कर्मचारी भी हुए परेशान

**मेदिनीनगर।** भीम आर्मी द्वारा भारत बंद का आवाहन पर पलामू ज़िला भी रहा बंद सुबह सुबह सरकारी कर्मचारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना। इसके साथ-साथ जिला मुख्यालय में रहने वाले सैंकड़ों प्राथमिक , माध्यमिक , उच्चतर माध्यमिक शिक्षक भी जाम में फंसे होने के कारण समय से विद्यालय नहीं पहुंच पाए। शिक्षकों ने बताया उन्होंने मौखिक रूप से इस बाबत जानकारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी , ज़िला शिक्षा अधीक्षक , ज़िला शिक्षा पदाधिकारी इत्यादि को दे दी।

### सदर प्रखंड में भी दिखा जाम का आंशिक असर

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे सदर प्रखंड में भी जाम का असर देखा गया। सदर प्रखंड अंतर्गत जमुने, लहलहे, पोखराहा,चियांकी में जाम कर रहे लोगों ने सड़क मार्ग अवरोध कर दिया जिस कारण दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जबकि जमूने में जाम के कारण पांकी रोड में आवागमन पूरी तरह बंद हो गया जिससे कई लोग जाम में फंसे परेशान नजर आए।

आयुक्त, उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडलीय कार्यक्रम आज, सीएम होंगे मुख्य अतिथि



कार्यक्रम स्थल पर तैयारी पूरी

### उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सौंपी जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम 22 अगस्त को होगा। पलामू के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में अपराह्न 1:00 से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री बैद्यनाथ राम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह होंगे। कार्यक्रम में पलामू एवं चतरा सांसद तथा प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिलों पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायको आमंत्रित किया गया है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को लेकर चियांकी हवाई अड्डा परिसर में व्यापक तैयारी की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सभी तरह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस जवानों को तैनात कर दिया गया है। साथ ही पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी तय की गई है। प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा, डीआईजी वाईएस रमेश, पलामू उपायुक्त शशि रंजन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल चियांकी हवाई अड्डा परिसर में चल रहे तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने तैयारी की मामूली कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने समाहरणालय सभागार में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिम्मेवारियां तय की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी में कोई कमी नहीं रहने दें। उन्होंने जिम्मेवारियां तय करते हुए तैयारी के प्रत्येक बिंदुओं पर बारीकी से समीक्षा की और पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

### बहनों को हर महीने एक हजार की सम्मान राशि दी जानी है




झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 21 से 50 वर्ष तक की उम्र की हर बहनों को खुशियों का उपहार के रूप में 12 हजार रुपए दिया जा रहा है। अर्थात, हर महीने एक हजार की सम्मान राशि दिया जाना है। इस योजना के तहत लाभुकों द्वारा प्राप्त आवेदन की स्वीकृति के उपरांत सरकार द्वारा बहनों के बैंक अकाउंट में राशि का स्थानांतरण किया जाने लगा है। इससे पलामू ही नहीं राज्य की महिलाओं में खुशी का माहौल है। बता दें कि पलामू में 2 लाख 65 हजार से अधिक महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

## न्यूज बॉक्स

### नवीन मेल के कैमरे ने देखा बंदी का असर






### अध्यापक संघ ने सीएम से अपनी समस्याओं के निदान की मांग की



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने झारखंड के मुख्य मंत्री को अपनी समस्याओं के निवारण के संबंध में पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि विधान सभा चुनाव में वादा किया गया था कि सरकार बनने के तीन माह के अंदर सभी सहायक शिक्षकों को वेतनमान को तोहफा दिया जायेगा। लेकिन सरकार बनने के चार साल बाद भी शिक्षकों की समस्याओं का निदान नहीं हो पाया है। झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की मांग है कि राज्य के 31 हजार आकलन सफल सहायक अध्यापकों का वेतनमान सुनिश्चित की जाये, साथ ही प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों के समतुल्य मानदेय निर्धारित किया जाये। इसके अलावे टेट परीक्षा में सभी सहायक शिक्षकों के कार्यनुभव के आधार पर पासिंग मार्क्स में बीस प्रतिशत नम्बर की छूट दी जाये और प्रत्येक खंड में पास होने की बाध्यता समाप्त कर ऑवर ऑल पासिंग मार्क्स चालीस प्रतिशत रखा जाये। वहीं आकलन सफल सहायक शिक्षकों को टेट सफल सहायक शिक्षकों के समकक्ष मानदेय दिया जाये तथा आकलन परिणाम की त्रुटि दूर करते हुए आकलन प्रमाण निर्गत कर दूसरी आकलन परीक्षा का जल्द नोटिफिकेशन जारी करा जाये। साथ ही सेवाशर्त नियमावली 2021 को अनुकंपा का लाभ योग्यता आधारित लचीला बनाते हुए इपीएफ जल्द लागू किया जाये। साथ ही संघ ने घोषणा की है कि झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ का किसी भी संगठनय से कोई समन्वय नहीं है और ना ही किसी अन्य संगठन द्वारा लिया गया निर्णय को संघ नहीं मानेगा। संघ झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ न कहा है कि अपनी मांगो के समर्थन में 28 अगस्त को राजभवन पर धरना और पांच सितम्बर को शिक्षा मंत्री के आवास पर एक दिवसीय भूख हड़ताल किया जायेगा। मांगे नहीं माने जाने पर संघ आंदोलन की चेतावनी दी है।

युवा आक्रोश रैली की पूर्व संध्या पर भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

## जनता को सरकार ने ठगने का काम किया है : अमित




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** युवा विरोधी झारखंड की हेमंत सरकार के विरोध में आगामी 23 अगस्त को रांची मोरहाबादी मैदान में आयोजित युवा आक्रोश रैली की पूर्व संध्या पर बुधवार को भाजपा पलामू इकाई अध्यक्ष अमित तिवारी की अगुवाई में शहर में मशाल जुलूस निकाला गया। तिवारी ने कहा कि विगत 5 साल में झारखंड की जनता को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने ठगने का काम किया। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार लूट-खसोट, ट्रांसफर-पोस्टिंग के अलावा हेमंत सरकार ने विकास के लिए विशेष कुछ नहीं किया। राज्य में न आदिवासी सुरक्षित हैं; न महिलाएं; कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती चली जा रही है। न युवाओं को रोजगार मिला न ही भत्ता मिला युवा आक्रोश में है आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकेगी। इसी आक्रोश को प्रदर्शन करने के लिए 23 अगस्त को रांची मोराबादी मैदान युवाओं की रैली होगी, इसलिए लोगों से आह्वान करते हैं कि रांची चलें और इस लुटेरी,भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने में हमारा समर्थन करें। मसाल जुलूस कार्यक्रम में अरुणा शंकर, परशुराम ओझा, अविनाश वर्मा, प्रभात भुईयां, श्रवण गुप्ता, अजय तिवारी, शिवकुमार मिश्र ,नरेंद्र पांडे, दुर्गा जौहरी, उदय शुक्ला ,प्रदीप सिन्हा, विजय ठाकुर, ज्योति पांडे, आशीष भारद्वाज, राजहंस अग्रवाल, अभिमन्यु तिवारी, विपुल गुप्ता, रोहित शर्मा, छोटू सिन्हा, रीना किशोर, अनीश मनी, अनिल कुमार ,अजय सिंह, ओमप्रकाश पप्पू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, शुभम चंद्र, रंजीत मिंटो, अनिल सोनी ,विवेक चौधरी, संदीप दास, शशि भूषण मिश्र, रंजीत चंद्रवंशी, ओमप्रकाश दुबे, गुड्डू वर्मा ,दीपक सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र उपाध्याय, संजय केसरी, वीरेंद्र मेहता ,राहुल अग्रवाल, मनोज विश्वकर्मा, अभय सिंह, मनदीप प्रजापति, सुरेंद्र विश्वकर्मा, छोटू सिंह, अमिताभ मिश्रा साहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद रहे।

> राज्य में न आदिवासी सुरक्षित हैं; न महिलाएं; कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती चली जा रही है।

## शहर में जल्दी होगी पानी की आपूर्ति: ओझा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा ने बताया है कि चार दिनों से शहर में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रहा है इसका कारण है कि बाई पास करने वाला पाइप जो जाम था, उसको खुलने में कंप्रेसर के द्वारा भी दो दिन टाइम लग गया। इसी कारण कैलकुलेटर को साफ किया जा रहा है। मजदूरों के द्वारा बालू निकलने का काम शुरू किया गया है। आज हो सकता है हौदा की सफाई के बाद उसमें पानी भरना शुरू किया जाएगा। 23 या 24 तारीख को पानी सप्लाई शुरू की जा सकती है। ओझा ने बिजली विभाग के इक्सक्यूटिव इंजीनियर को धन्यवाद देते हुए कहा कि बिजली लगातार मिलने के कारण सफाई जल्द होने का उम्मीद है, क्योंकि बिजली से ही पीएचडी का मोटर चलता है और पानी से ही बालू को बाहर निकाला जाता है, नहीं तो महीना दिन में भी सफाई होना असंभव है। मैं आश्वस्त करता हूं कि पानी सप्लाई जल्द ही शुरू हो जायेगा।

## एमएमसीएच में ओपीडी सेवाएं चालू, मरीजों ने ली राहत की सांस



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बुधवार से ओपीडी सेवाओं को चालू किया गया। अपने-अपने विभागों में डॉक्टर समय से बैठे एवं मरीज का इलाज किया। हालांकि भारत बंदी होने के कारण मरीजों की संख्या काफी कम रही। डॉक्टरों की हड़ताल से खत्म होने से मरीजों व आम लोगों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि बुधवार को अस्पताल में ओपीडी समेत सभी स्वास्थ्य सेवाएं पहले की तरह दोबारा सुचारू रूप से बहाल हो गई। विदित हो कि कोलकाता के आईजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में रेजिडेंट व प्रशिक्षु डॉक्टरों के पिछले कई दिन से हड़ताल पर रहने के दौरान के सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अस्पतालों में ट्रेनिंग डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के विरोध में ओपीडी को बंद रखा गया था। ऐसे में अस्पताल आने वाले अनेक मरीजों को बेइलाज वापस लौटना पड़ा था और कई ऑपरेशन नहीं हुए। इस दौरान डॉक्टरों ने केवल इमरजेंसी सेवाएं ही दीं। डॉक्टरों की हड़ताल से लोग इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो रहे थे। हड़ताल के दौरान फेडरेशन आफ ऑल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन तथा आईएमए के बैनर के लिए लगातार अलग - अलग दिन तक कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही सीनियर डॉक्टर के कई बार अनुरोध के बावजूद जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर डॉक्टर है और ओपीडी को पूरी तरह बंद रखा।

### डॉक्टरों की सुरक्षा हेतु 24 घंटा तैनात रहेंगे पुलिस के जवान

बुधवार को ओपीडी खोलने से पूर्व डॉक्टरों की मांग पर उन्हें सुरक्षा मुहैया कराने हेतु पुलिस जवानों की तैनाती मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में की गई है। अस्पताल में ड्यूटी के दौरान 24 घंटा 12-12 घंटे की शिफ्ट में दो जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर जब मरीज के वार्ड विजिट में जाएंगे ,तब भी सुरक्षाकर्मी उनके साथ होंगे।




## सीएम के आगमन को लेकर रूट निर्धारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पलामू जिला में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम गुरुवार को निर्धारित है। उक्त कार्यक्रम को लेकर शहर के ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किया कया है। उसके तहत समय 8:00 बजे पूर्वाह्न से मुख्यमंत्री के प्रस्थान करने तक मालवाहक ट्रक एवं पैसेंजर बस, छोटी वाहन के लिए अस्थायी रूप से पड़ाव, रूट निर्धारित किया जाता है।

### गढ़वा की ओर से आने वाले वाहनों के रूट

गढ़वा की ओर से आने वाली वाहनों को मंगरदाहा घाटी, चैनपुर थानान्तर्गत पड़ाव करेगें। ख. राची की ओर से आने वाली वाहनों को दुबियाखाड़, रांची रोड सतबरवा थानान्तर्गत पड़ाव करेगें। पांकी की ओर से आने वाली वाहनों को रजवाडीह बाईपास रोड, सदर थानान्तर्गत पड़ाव करेगें। औरंगाबाद बी-मोड़ की ओर से आने वाली वाहनों को बैद्यनाथ आश्रम बिस्फुटा, शहर थानान्तर्गत पड़ाव करेगें।

### रांची से आने वाले वाहन चियांकी में रुकेंगे

गढ़वा की ओर से आने वाली वाहन शाहपुर पुल के समीप स्थित पड़ाव करेगी। रांची की ओर से आने वाली वाहन चियांकी बाईपास से पांकी रोड रजवाडीह होते हुए जीएलए कॉलेज के समीप पड़ाव करेगी। पांकी की ओर से आने वाली वाहन जीएलए कॉलेज के समीप पड़ाव करेगी। औरंगाबाद बी०-मोड़ की ओर से आने वाली वाहन पाटन मोड़ पर पड़ाव करेगी। बड़ी एवं छोटी मालवाहक गाड़ियों का नो एंट्री सुबह 07:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक रहेगी।



## भारत बंद का लोहरदगा में मिलाजुला असर

# शंख पिकेट के समीप बंद समर्थकों ने किया सड़क जाम, बाजार खुले रहे, जनजीवन सामान्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एसटी-एससी आरक्षण में वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ भारत बंद का राजद, जेएमएम, भाकपा माले समेत अन्य दलों के बंद समर्थक बुधवार सुबह से ही सड़कों पर उतरकर यातायात प्रभावित कर दिया। लोहरदगा बंद में का मिला जुला असर रहा । झामुमो का जत्था शंख पिकेट के समीप घंटों सड़कों को जाम रखा, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुआ। जाम से बॉक्साइट ढुलाई ठप रहा। हालांकि एम्बुलेंस सेवा सहित आवश्यक सेवाओं को बंद से अलग रखा गया था। झारखंड मुक्ति मोर्चा समेत कई राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठनों ने इस बंद का समर्थन किया। बंद समर्थक बंद के समर्थन में नारेबाजी किया। कहा कि, वर्गीकरण का हम विरोध करते हैं। जो मूल आरक्षण है उसे बरकरार रखने की जरूरत है। कहा कि, एससी-एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण का निर्णय इन वर्गों के उत्थान एवं मजबूती के मार्ग में बाधक है। भारत बंद सफल करने में झामुमो नेता अनिल उरांव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय उरांव, छात्र जिला अध्यक्ष सोमी कुमारी, केंद्रीय सदस्य बिनोद यादव, केंद्रीय सदस्य स्मिद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, विशुत्री कच्छप, अफरोज आलम, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, कैरो प्रखंड अध्यक्ष सजाद अंसारी, किस्को प्रखंड अध्यक्ष साकिर अंसारी, पेसरार प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार, कूडू प्रखंड अध्यक्ष संकर उरांव, बुद्धिजीवी मोर्चा के उपाध्यक्ष इसरार अहमद, जिला समिति सदस्य बालमुकुंद लोहरा , इमरान अंसारी, मुश्ताक अंसारी, अनिल कुमार, सुमन राम, मुकेश राम, बिमल मोची समेत समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाया।

**एससी की टिप्पणी के विरोध में भारत बंद का कुडू में मिलाजुला असर**

## सभी प्रतिष्ठान खुले रहे, कुछ को छोड़कर चार पहिया वाहनों का भी हुआ परिचालन



**कुडू - लोहरदगा।** अनुसूचित जाति' अनुसूचित जनजाति (एससी' एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के विरोध में विभिन्न दलित और आदिवासी संगठनों द्वारा बुधवार को आहूत भारत बंद का कूडू में मिलाजुला असर दिखा। बंद के आह्वान के बावजूद भी 11 बजे तक डाल्टेनगंज, चतरा, रांची आदि स्थानों की बसों का परिचालन विधिवत हुआ। हालांकि बाद में छिटपुट बसों को छोड़ लंबी दूरी की सार्वजनिक वाहन सड़कों से नदारद रहीं। वही सभी बैंक और सरकारी कार्यालय और सरकारी विद्यालय पूर्व की तरह संचालित हुए। वहीं कुछ स्कूलों को छोड़ लगभग प्राइवेट स्कूल भी बंद रहे।

दोपहर करीब 12 बजे पढ़ा भवन कुडू से बाइक में सवार होकर निकले बंद समर्थक बस स्टैंड, इंदिरा गांधी चौक, मस्जिद चौक, ब्लॉक मोड़, टाटी चौक का भर्मण कर दुकानदारों से दुकान बंद करने का आग्रह किया। हालांकि इसी बीच हुई मूसलाधार बारिश के कारण बाईक रैली थोड़ी देर के लिए रुकी रही। इधर किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रमुख चौक चौराहों पर सुरक्षा के इंतजाम किये गए थे। सभी जगहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

### भारत बंद को आदिवासी संगठन ने बताया सफल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण में गलत तरीके से संशोधन कर सुनाई गई फैसलों को वापस लेने को लेकर बुधवार को भारत बंद का आवाहन किया गया। जिसके आलोक में थाना क्षेत्र के कंडरा चौक पर व्यापक असर देखने को मिला। एस सी एस टी समाज के अगुवाओ के नेतृत्व में



लोहरदगा गुमला एनएच 143 ए मुख्य पथ करीब चार घन्टा जाम रहा। विदित हो की सेन्हा थाना क्षेत्र में एस सी एस टी समाज सक्रियता का परिचय देते हुए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को वापस लेने के लिए प्रदर्शन कर मांग किया है। जिसको लेकर कंडरा चौक में 11 बजे से एससी / एसटी समाज द्वारा बुलाई गई भारत बंद का असर व्यापक रहा। छोटी वाहनों से लेकर बड़ी वाहनों एवं दूर दराज के राहगीरों का यातायात चार घंटा तक बाधित रहा। वही बताया गया कि माननीय उवहचतम न्यायालय ने एस सी एस टी आरक्षण के विरुद्ध कार्य करते हुए हमलोगों के अधिकार का हनन किया गया है।

### आजसू पार्टी ने भारत बंद का समर्थन किया

**लोहरदगा।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आरक्षण में क्रिमी लेयर को लेकर दिए गए निर्णय समाज में वंचित वर्गों के हितों के खिलाफ है ।यह निर्णय अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज की प्रगति एवं संवैधानिक अधिकार के खिलाफ है ।संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान में क्रीमी लेयर जैसी किसी बात का कोई उल्लेख नहीं किया है। अतः बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान में जो आरक्षण के प्रावधान दिए गए हैं। उसमें किसी तरह के छेड़छाड़ सही नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय के विरुद्ध में जो सामाजिक संगठनों द्वारा बंद बुलायी गई है। आजसू पार्टी ने उसका समर्थन किया है। आजसू पार्टी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए हमेशा खड़ी रहेगी। उनके हितों के साथ किसी भी तरह का छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए ये आजसू पार्टी मानती है। केंद्र सरकार से इस पर अध्यादेश लाते हुए इस प्रावधान को सुरक्षित रखने का आग्रह करती है। जिससे दबा कुचला समाज आगे आ सके और समुचित विकास की राह पर अग्रसर हो सके एवं देश की विकास में भागीदारी दे सके।

### भारत बंद के दौरान सड़कों पर सरना व भीम आर्मी झंडा से पटा रहा कैरो

**कैरो/लोहरदगा।** विगत दिनों एससी, एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण पर भारत के सर्वोच्च न्यायलय द्वारा दिया गया निर्णय के विरोध में विभिन्न संगठनों द्वारा बुधवार को भारत बंद का आह्वान किया था।



जिसको लेकर कैरो प्रखंड क्षेत्र में भी एससी, एसटी, ओबीसी समाज के युवाओं द्वारा भारत बंद के समर्थन में हाथों में सरना झंडा और भीम आर्मी का झंडा लिए कैरो उतका के चौक चौराहों में खुले दुकान आदि प्रतिष्ठानों को बंद कराया। कैरो मुख्य पथ पर चलने वाली वाहनों को भी रोका। गली मुहल्ले में घूम कर एसी एसटी पर अत्याचार करना बंद करो,सविधान के साथ छेड़छाड़ करना बंद करो, जाती को जाती में बाटना बंद करो नारे के साथ भारत बंद का समर्थन किया।

### बाजारों में दुकानों पर लटके रहे ताले, शांति-व्यवस्था के लिए थान प्रभारी ने संभाला मोर्चा

**चैनपुर।** एसटी-एससी आरक्षण के मुद्दे पर बुधवार को बुलाया गया भारत बंद का चैनपुर अनुमंडल मुख्यालय में असर देखा गया कुछ एक दुकानों को छोड़ लगभग सभी दुकानें बंद रहीं बंद समर्थकों ने सभी दुकानदारों से बंद को सफल बनाने की अपील की मौके पर चैनपुर कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन बड़ा व जेएमएम कार्यकर्ता सहित अन्य मौजूद रहे। उन्होंने आरक्षण में छेड़छाड़ के प्रयास के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके अलावा केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। सड़क जाम के कारण लंबी दूरी की बसें नहीं चलीं। वहीं बंद के मद्देनजर सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया था पुलिस बंद समर्थकों पर लगातार नजर रख रही थी। मुख्य बाजार में पुलिस पेट्रोलिंग कर रही है।

# भाजयुमो का आक्रोश रैली कल मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अटल भवन में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बताया गया कि आगामी कार्यक्रम 23 अगस्त 2024 को भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के बैनर तले एक विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें लोहरदगा जिला से हजारों हजार की संख्या में इस आक्रोश रैली में रांची पहुंचकर सीएम आवास का घेराव करना है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं नगर प्रभारी राज किशोर महतो ने बतलाया कि जिस तरह से आज झारखंड की जनता को प्रलोभन देकर हेमंत सरकार जो कार्य कर रही है वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। अब जनता जाग चुकी है आने वाले समय में इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी और एक अच्छा नेतृत्व सरकार भारतीय जनता पार्टी की झारखंड में बनेगी। इसी के निमित्त 23 अगस्त को रांची मोराबादी मैदान तथा सीएम आवास का घेराव बड़े ही जोर-शोर से किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा कि आज झारखंड सरकार जो मैईया योजना लाकर भोली भाली जनता को गुमराह करने की कम कर रही है।अब जनता समझ चुकी है आने वाले समय में यह जनता भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। यह विश्वास है कि हम जनता में विश्वास जीतकर भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी। मौके पर उपस्थित मदन मोहन पाठक, विनोद राय, अजय पंकज, परमेश्वर साहू, अनुभव कसकर इत्यादि भाजपा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### मशाल जुलूस निकाल सीएम आवास घेराव व आक्रोश रैली का हुआ आगाज

झारखंड की गठबंधन सरकार के लूट व झूठ नीति को लेकर 23 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री आवास घेराव एवम आक्रोश रैली कार्यक्रम को लेकर लोहरदगा में भाजपा युवा मोर्च द्वारा बुधवार को जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस साइडिंग बस स्टैंड से निकल कर मुख्य डाक घर होते हुए पावरगंज चौक पहुची। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार आज लूट में आकंठ डूबी हुई है। जो आदिवासियों की जमीन को ही लूटने में लगी है। जिसके लिए सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन को जेल की भी हवा खानी पड़ी। यह ठगबन्धन की सरकार बेरोजगार युवाओ के साथ प्रदेश की जनता को भी ठगा है। जिससे युवा काफी आक्रोशित है।ऐसी निक्कमी सरकार को एक दिन भी गद्दी में रहने का अधिकार नही है, जो झूठे वादे कर सत्ता सुख भोग रही है।

## जय श्री राम समिति का चुनाव 22 सितंबर को

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक हरमू रोड स्थित स्कूल परिसर में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य जिला पदाधिकारी एवं नगर के पदाधिकारी मौजूद थे बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 सितंबर को कर्मा पूजा का बासी होने के कारण सभी लोगों का आना मुश्किल होगा। आगामी 15 सितंबर को होने वाले समिति का चुनाव में फेरबदल करते हुए पुनः22 सितंबर रविवार को की जाएगी। फॉर्म की खरीदगी एवं जमा 28 अगस्त तक ही होगी। 30 तारीख तक वापसी एवं 01 तारीख को स्कूटनी, और 3 तारीख को प्रत्याशियों के बीच सिंबल बाटी जायेगी। ज्ञात हो की समिति के जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष का चुनाव वोटिंग के माध्यम से की जाती है। पूरी प्रक्रिया के बीच सदस्यता अभियान चलेगी। सिर्फ और सिर्फ चुनाव के दिन सदस्यता बंद रहेगा।

# किशोरों को स्वास्थ्य सेवा से जोड़ें : डॉ अशोक ओड़िया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसको के सभागार में स्वास्थ्य विभाग, एवं सेन्टर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज (सी3) के सयुंक्त तत्वाधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला किया गया। जिसमें सीएचओ एवं ए.एन.एम को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोरावस्था का महत्व, किशोरों द्वारा स्वास्थ्य सेवा लेने में वर्तमान चुनौती समाधान एवं सेवा प्रदाता कि भूमिका के विषय पर जानकारी दिया गया ।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ओड़िया,एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि किशोरों को हमें स्वास्थ्य सेवा से जोड़ने के लिए उनके अनुकूल बनना होगा। उनसे जुड़ कर कार्य करना होगा। जिस से वे हमें अपनी समस्या को बतला पायेंगे तो आपके द्वारा उसका बेहतर तरीके से समाधान होगा। प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक ने कहा कि एक सेवा प्रदाता के रूप में आपकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है विशेष कर किशोरों के साथ आपको दोस्ताना और नम्र वयव्हार करना होगा उनकी समस्या को ध्यान से सुनना होगा और उसका निराकरण करना होगा। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में 26 सीएचओ एवं ए एन एम उपस्थित थे।

## रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन

# आईसीटी लैब में बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण मिले : डीएसई

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले के 26 चयनित विद्यालयों के 483 बच्चों को स्क्रेच कोडिंग सिखाने के उद्देश्य से 'शिक्षा करें भेंट' गतिविधि चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में चयनित आईसीटी इंस्ट्रक्टर के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में हुई। इस प्रशिक्षण में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दुमका से विशेष प्रशिक्षक के रूप में कौशल किशोर पाण्डेय उपस्थित थे।

इस दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा स्क्रेच कोडिंग से बच्चों की क्रिएटिविटी में विकास होने की जानकारी देते हुए सभी से अनुरोध किया गया। प्रशिक्षण में बेहतर तरीके से सहभागी होते हुए स्क्रेच कोडिंग से संबंधित बताई जा रही चीजों को ग्रहण करें ताकि अपने विद्यालय के आईसीटी लैब में बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दे सके।

सहायक नोडल पदाधिकारी दिलदार सिंह ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि आज के आधुनिक समय में कम्प्यूटर की दुनिया में भविष्य बनाने हेतु कोडिंग सीखना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण के पश्चात सभी चयनित आईसीटी इंस्ट्रक्टर अपने विद्यालयों के चयनित बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे, जिसके लिए जिला स्तर से आईसीटी प्रभारी रामचंद्र सिंह को प्रभारी बनाया गया है। विद्यालयों में प्रशिक्षण के उपरान्त उत्कृष्ट बच्चों का चयन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# गरीब, असहाय व निर्धनों की मदद करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा : भूषण बाड़ा

*विधायक ने संत पियुस चर्च सुन्दरपुर पल्ली दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर पुरोहितों को दी पर्व की बधाई*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विधायक भूषण बाड़ा ने बुधवार को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के पालकोट प्रखंड के सन्त पियुस सुंदरपुर चर्च सुंदरपुर के पल्ली दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर चर्च परिसर में संत पियुस पर्व सह पल्ली दिवस धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विधायक ने संत पियुस चर्च सुंदरपुर पल्ली दिवस की वहां मौजूद पल्ली पुरोहित फादर सुशील कुजूर, फादर जॉन केरकेट्टा, फादर बिलियम मिंज, फादर सिरिल केरकेट्टा आदि बुके देकर एवं उपहार देकर पर्व की बधाई दी। मौके पर पल्ली पुरोहित फा सुशील कुजूर की अगुवाई में मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया। फा सुशील ने लोगों को प्रभु येसु के संदेशों को सुनने और उसे अपने जीवन में उतारने की अपील की। वहीं विधायक ने संत पियुस पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमें सन्त पीयूष की तरह बनने की जरूरत है। ईश्वर से बताए मार्गों पर चलने की जरुरत है। गरीब, असहाय एवं निर्धनों की मदद करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। इसलिए सभी गरीबों, असहाय एवं निर्धनों की मदद करें। किसी को भी भुखा सोने न दें। विधायक ने कहा कि परपिता परमेश्वर सर्वशक्तिमान है। उनकी योजना अद्भुत और निराली है। हम सभी को ईश्वर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने की जरुरत है। साथ ही गांव समाज को खुशहाल बनाने के लिए प्रयास करने की जरुरत है।



### ईश्वर की आराधना में समय बिताने की जरुरत : जोसिमा

मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी पुरोहितों को संत पियसु पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन ईश्वर की आराधना में समय बिताने की जरुरत है। हर दिन किसी गरीबों की मदद करने की आदत डालें। गरीबों के चेहरे में मुस्कान लाने के लिए हम सभी एक होकर कार्य करेंगे, क्षेत्र में खुशहाली आएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, मंडल अध्यक्ष निमरोद एक्का, पूर्व जिला परिषद प्रदीप सोरेंग, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, प्रतिमा कुजूर उर्मिला केरकेट्टा, ज्योति लुगुन, धर्म बहनें सिस्टर प्रफुलित, सिस्टर मीरा, सिस्टर मेरी, सिस्टर फिलोमिना, सिस्टर शशि, मुखिया ज्योति लकड़ा पंचायत अध्यक्ष जॉन केरकेट्टा, प्रखंड सचिव जैलस लकड़ा,भूषण मिंज, जोलेन कांडुलना,राजू टेटे आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 30 अगस्त से 15 सितंबर तक

**लोहरदगा।** मुख्य सचिव, झारखंड के निदेश के आलोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम लोहरदगा जिला में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक पंचायतवार किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इन शिविरों में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। शिविरों में आम जनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त किया जायेगा एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष निम्नलिखित मुख्य प्रक्षेत्र के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। जिन योजनाओं में लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होंगे, उनमें लाभुकों की प्रतीक्षा सूची तैयार कर ली जायगी एवं प्राथमिकता के आधार पर उन्हें लाभ प्रदान किया जायगा। सभी प्रकार की पेंशन योजनाएँ, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए सम्बन्धित एफआरसी द्वारा आवेदन भी प्राप्त किये जायेंगे। प्रत्येक शिविर में लाभुकों के बीच जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु चेक, एसएचजी/क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड, धोती-साड़ी/लुंगी, कंबल आदि का ऑन-द-स्पॉट वितरण किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में ऑन-द-स्पॉट शिकायत प्राप्त कर उनका निवारण/समाधान किया जाएगा जिनमें राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन, आय/जन्म/मृत्यु प्रमाण-पत्र में यथावश्यक संधोधन, आधार/ राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबधित शिकायत आदि शामिल हैं।

### किसान योजनाओं की जानकारी लें और लाभ उठायें : राधा तिर्की



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को कृषि विभाग द्वारा खरीफ फसल 2024-25 को लेकर कार्यशाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख फूलझरी देवी,अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, कृषि पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा कि सरकार उरद, अरहर, मूंग, सरसों, मूंगफली, धन, गेंहू, चना सहित अन्य तरह के बीजों का निःशुल्क वितरण करती है। जिसका किसान लाभ लें और कृषि कार्य मे प्रगति करें। जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि किसान योजनाओं की जानकारी रखें और लाभ लें तथा अपनी आय में वृद्धि के लिए नए नए कृषि विधि का उपयोग कर खेती करें ।क्षेत्र के किसान काफी मेहनती हैं।पिछली बारिश होने के बावजूद भी धान की रोपाई अच्छी हुई है। आप खेत में समय समय पर लगने वाले खाद और दवा का छिड़काव करें और खेती की रखवाली करें। सीओ राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार की योजना की जानकारी रखें किसान खरीफ फसल की बुआई का समय अभी है और मडुवा उरद राहर आदि लगाए खेती को खाली नही रहने दें।

### यू-डायस व ई-कल्याण कार्यशाला संपन्न



**भंडरा।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल सभागार में बुधवार को यू डायस प्लस और ई कल्याण का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला बीईईओ जयनाथ महतो के उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यशाला में शिक्षकों को शैक्षणिक आंकड़ा संधारण करने की विस्तृत जानकारी एमआईएस रिजवान अंसारी द्वारा दी गई। साथ ही छात्रवृति के लिये ई कल्याण संधारण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीपीओ रामविजय खलखो, सभी सीआरपी, बीआरपी के अलावे शिक्षक अरुण कुमार दास, कुमार कुंदन मिश्रा, राजेश सिंह, पवन कुमार, सरोज उरांव, अमित कुमार आजाद, रेखा टोप्पो व अन्य प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

### नेशनल स्पोर्ट्स डे पर गुमला में साइकिल रेस का आयोजन

**गुमला।** नेशनल स्पोर्ट्स डे के उपलक्ष में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की 851 शाखाओं द्वारा एक साथ साइकिल रेस का आयोजन जिसका मूल उद्देश्य राइड फॉर हेल्थ , राइड फॉर अर्थ हैं,मारवाड़ी युवा मंच गुमला द्वारा रविवार 25 अगस्त को साइकिल रेस का आयोजन किया जा रहा है ,यह रेस माहेश्वरी भवन लोहरदगा रोड गुमला से बरटोली टोटो पेट्रोल पंप तक व पुनः महेश्वरी भवन में समाप्त होगी। रेस में भाग लेने हेतु आवेदक अपना पंजीकरण निम्नलिखित स्थानों में कर सकते हैं :-अरुण साइकिल स्टोर, विजय साइकिल स्टोर, महेश साइकिल स्टोर, पंजीकरण हेतु आवेदक को अपना आधार कार्ड के साथ 150 रुपए जमा करना होगा। हर एक पंजीकरण पर एक टी-शर्ट मारवाड़ी युवा मंच गुमला द्वारा प्रदान किया जाएगा। रेस में जीतने वाले को क्रमशः ₹6000, ₹3100 एवं ₹2100 इनाम स्वरूप प्रदान किया जाएगा।आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त शाम 5:00 बजे तक रखी गई है।ये जानकारी गुमला शाखा अध्यक्ष सुमित चीनू साबू एवं सचिव संजीव मालानी,मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से दी।

### थानेदार ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश-बोले जरूर लगाये पौधे



**चैनपुर।** पर्यावरण को लेकर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी व स्थनीय लोगो के साथ मिलकर चौक चौराहा में पौधरोपण करते हुए आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। वहीं चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने कहा कि पौधरोपण जहां हमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। वही पौधे और वृक्ष हमारे घर और आसपास के इलाके की सुंदरता में भी अच्छा खासा इजाफा करते हैं। उन्होंने कहा है कि मौजूदा भागदौड़ के युग में इंसान को पर्यावरण संरक्षण की चिंता नहीं रह गई है। जिसके चलते धरती पर वृक्षों की संख्या लगातार कम होती जा रही है जिससे इंसान की जिंदगी यानी सांसे भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा है कि इंसान की जिंदगी के लिए साफ और स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है। जिसे पौधरोपण के माध्यम से ही साफ और स्वच्छ रखा जा सकता है। संतोष केशरी ने बताया की वर्तमान में मानव जीवन पर पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ा संकट बनकर आया है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने में हर व्यक्ति को अपने आसपास एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। दिन प्रतिदिन पृथ्वी से वृक्षों के कम होने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। हमारी बुरी आदतें जैसे बेवजह पानी बर्बाद करना, पॉलिथीन का उपयोग, वृक्षों की कटाई आदि से पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पौधा रोपन करने में मुख्यरूप से एसआई मदन शर्मा, संतोष केशरी,विनोद जायसवाल, पंकज शर्मा उपस्थिति थे।

# खूंटी जिले में भारत बंद का व्यापक असर, सड़कों पर उतरे बंद समर्थक



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में क्रीमीलेयर पर दिए गए फैसले के खिलाफ विभिन्न संगठनों द्वारा बुधवार को आहूत भारत बंद का खूंटी जिले में पूरा असर रहा। सुबह से सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यात्री और मालवाहक वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सुबह ही झामुमो और अन्य आदिवासी संगठनों से जुड़े नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और दुकानों और वाहनों को बंद करा दिया। बंद समर्थकों ने जिला मुख्यालय के नेताजी चौक, भगत सिंह चौक और टंगराटोंली के पास सड़क जाम कर दी। दो पहिया वाहनों को भी रोक दिया गया। इसके कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिशनरीज संस्थानों से जुड़े स्कूल और कॉलेज भी बंद रहे। कुछ स्कूल सुबह में खुले, लेकिन नौ-दस बजे सभी स्कूलों में छुट्टी दे दी गई। बंद समर्थकों ने सरकारी स्कूलों को भी जबरन बंद करा दिया। झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, मगन मंजीत तिड़ू, स्नेहलता कंडुलना सहित कई नेता बंद के समर्थन के लिए सड़कों पर उतरे। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड मुख्यालय के अलावा ग्रामीण इलाको में भी बंद प्रभावी रहा। भारत बंद के कारण यात्री वाहनों का परिचालन ठप होने से दिन भर सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक फैसले में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों के बीच में ही अलग-अलग श्रेणियां बनाने की राज्य सरकारों को मंजूरी दी थी। कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण का सबसे अधिक फायदा जरूरतमंदों को मिलना चाहिए। इस फैसले के खिलाफ दलित और आदिवासी संगठनों के राष्ट्रीय परिसंघ ने भारत बंद का ऐलान किया था। कोर्ट के इस फैसले को दलित और आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ बताया गया था।

कोर्ट से इस फैसले को वापस लेने की मांग की जा रही है।

## दर्द से तड़पते-तड़पते मर गई बेटी, पर नहीं पसीजा दिल, क्योंकि हड़ताल पर हैं भगवान



**हजारीबाग।** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर बवाल मचाया है. परिजनों का कहना है कि डॉक्टों के हड़ताल में जाने के कारण महिला की मौत प्रसव के बाद हो गई. डॉक्टर हड़ताल में है इस कारण वो मरीज को देखने नहीं आए. जिस कारण एक हंसता खेलता परिवार उजड़ गया. परिजनों का यह भी कहना है कि अगर डॉक्टर को सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं करना है तो उन्हें भर्ती भी नहीं करना चाहिए था. भर्ती करा कर महिला का प्रसव कराया और डॉक्टर दोबारा देखने के लिए मरीज को नहीं आए. जिस कारण मरीज की देर रात मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि दोपहर में बच्चा और उसकी मां ठीक थे. शाम होते-होते तबीयत खराब हो गई. इस दौरान डॉक्टर को बुलाया गया लेकिन डॉक्टर देखने के लिए नहीं पहुंचे. वहीं वार्ड में जो नर्स थी वह भी देखने के लिए नहीं आई. सभी ने हड़ताल होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया. अंत में मरीज की मौत इलाज के अभाव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई. उन्होंने मांग की है कि जिस डॉक्टर ने मरीज को भर्ती किया है वह कागज दिया जाए. ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके. मृतक का नाम बबीता कुमारी है, जो 28 वर्ष की थी. उसे मंगलवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था. वो मूल रूप से कटकमदाग क्षेत्र के कूद गांव की रहने वाली थी.

## पूर्वी टुंडी में नकली अंग्रेजी शराब से लदा पिकअप वैन पकड़ा गया

**टुंडी।** पूर्वी टुण्डी में गुप्त सूचना के आधार पर एसएसपी धनबाद को मिली जानकारी के अनुसार डीएसपी संदीप कुमार गुप्ता के निर्देश पर छापेमारी दल का गठन कर मंगलवार की देर रात गोबिन्दपुर साहेबगंज मुख्य सड़क पर हलकट्टा गांव के पास अवैध शराब लदा पिकअप वैन को पुलिस ने पकड़ा मौके से चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद पूर्वी टुण्डी पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर थाना ले आए। धनबाद एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि मुर्गा ढोने वाले पिकअप वैन (टाटा एसीई) वाहन संख्या जेएच 11 ए एम 9251 वाहन से वृहद पैमाने पर जामताड़ा से धनबाद के रास्ते शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में हलकट्टा के पास पुलिस चेकिंग के दौरान उक्त वाहन भागने लगा भागने के क्रम में हलकट्टा के समिप निमार्णाधीन पुलिया के पास उक्त वाहन का चालक वाहन से कूदकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए वाहन से कूदकर भाग निकला पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब बरामद हुआ जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी को जब्त कर थाने लाया और इसकी सूचना वरिय पुलिस अधिकारी को दी।

## महिला डॉक्टर और कर्मियों की सुरक्षा के लिए कमेटी गठित

**धनबाद।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत और हत्या से सबक लेते हुए धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अपने महिला डॉक्टर और कर्मियों की सुरक्षा सुदृढ़ करने में लग गया है। इस दिशा में पहल कर अस्पताल प्रबंधन ने छह सदस्यीय कमेटी बनाई है। अधीक्षक स्तर से बनाई गई कमेटी की सभी सदस्य महिलाएं हैं। ये अस्पताल की हर गतिविधियों पर नजर रखेंगी। छोटी-से-छोटी संदिग्ध गतिविधियों से अधीक्षक को अवगत कराएंगी। अधीक्षक डॉ ज्योति रंजन प्रसाद द्वारा गठित कमेटी की संयोजक स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ राजलक्ष्मी तुबिद को बनाया गया है। साथ ही कमेटी की सदस्यों में क्लीनिकल पैथोलॉजी की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लीना सिंह, एनेस्थीसिया की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियंका हांसदा, फिजियोलॉजी की ट्यूटर डॉ सुचिमा सिन्हा, ईएनटी विभाग की इंटर्न डॉ निक्की टुडू और धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मातृका प्रभारी साधना दत्ता शामिल हैं। पत्र में कहा गया कि पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई घटना यहां न हो, इसके लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है। कमेटी की सदस्यों को ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने और अनिवार्य रूप से प्रबंधन को सूचित करने का निर्देश दिया गया है।

## बाघमारा कोयलांचल मे बंद का दिखा असर, दुकानें रहीं बंद

**बाघमारा।** एससी व एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध मे मंगलवार को भारत बंद का बाघमारा कोयलांचल मे बंदी का असर मिला जुला देखा गया। बंद समर्थकों ने बाघमारा इंदिरा चौक, लुती पहाड़ी, डुमरा मोड़, हीरक चौक, राजगंज महुदा फोरलेन सड़क मार्ग पर बांस बल्ली लगाकर मार्ग अवरूद्ध कर प्रदर्शन किया। वैसे सड़को पर वैकल्पिक मार्गो से दो पहिया व चार पहिया वाहन का आवागमन होता रहा। स्थानीय पुलिस के समझाने बुझाने के बाद बाघमारा इंदिरा चौक व लुती पहाड़ी चौक मे करीब 12 बजे दोपहर के बाद सड़क जाम समाप्त हो गया। वहीं फोरलेन सड़क मार्ग से बंद समर्थको द्वारा करीब 11 बजे बांस बल्ली हटा लेने के बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो पाया। नावागढ़, फुलारीटांड़ खरखरी, सिनीडीह आदि जगहो में चाय नास्ते के दुकान के साथ राशन के दुकान खुले थे। वैसे बाघमारा व डुमरा मे दुकानें बंद रही। सरकारी विद्यालय खुले थे जबकि प्राइवेट स्कूल बंद रहे। बाघमारा ब्लॉक कार्यालय, बैंक, ए टी एम खुले थे। बाघमारा इंदिरा चौक मे बंटी हरि के नेतृत्व में बंद किया गया। वहीं खरखरी मे फुलेन्द्र पासवान, शंकर पासवान, राजेश कुमार राम, युगल पासवान, मुन्ना पासवान, बॉबी, राहुल, अनुज , मुकेश पासवान, राम कुमार, सन्नी पासवान, मनोज पासवान, धर्मेंद्र भुइयां, मुकेश भुइयां आदि थे।

## कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी पर फुसरो में कैंडल मार्च

**फुसरो।** कोलकाता में डॉक्टर से दरिंदगी की घटना के विरोध में मंगलवार को फुसरो में मारवाड़ी महिला समिति, मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच और मारवाड़ी समाज के द्वारा कैंडल व तख्ती लेकर मार्च किया गया। हत्यारे को फांसी दो, वी वांट जस्टिस तथा ममता बनर्जी मुदार्बाद के नारे लगाते हुए मार्च वी-मार्ट से फुसरो बाजार होते हुए बेरमो थाना के पास तक पहुंची। समाज के ललित अग्रवाल, मनोज गोयल, सोनू अग्रवाल, हिमांशी अग्रवाल व भाजपा नेत्री अर्चना सिंह ने कहा कि घटना से पूरा देश शर्मसार हो गया है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग है। साथ ही समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने की भी मांग की गई।

## एक सप्ताह बाद कुएं से मिला लापता व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका, चार हिरासत में

**चाईबासा।** मझगांव थाना क्षेत्र के पडसा सिलफोडी गांव के जंगल के समीप लंका चामपिया के जमीन मे नवनिर्मित सिंचाई कुआं से बुधवार को एक शव बरामद किया गया। बरामद शव की पहचान मझगांव थाना क्षेत्र के डाबुसाई गांव के हडुवाकमन टोला निवासी 50 वर्षीय बबलू चातार के रूप में की गई। बबलू पिछले एक सप्ताह से लापता था। एक सप्ताह के बाद शव बरामद किया गया जिसके कारण शव पूरी तरह से सड गल गया है। मृतक की पत्नी बबीता चातार ने बीते बुधवार को मझगांव थाना में सूचना दी थी कि उनका पति बबलू चातार बुधवार की सुबह अपनी बकरी चराने के लिए घर से निकला था। तब से घर वापस नहीं आए थे। जबकि बकरियां वापस घर आ चुकी थी। परिवार वालों और मझगांव थाना द्वारा काफी खोजबीन की जा रही थी, लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था। बुधवार की सुबह ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे।

---

### कार्यालय नगर परिषद्,चतरा
पुराना कचहरी के समीप,चतरा (झारखण्ड)–825401
दुरभाष : 06541–253030,ई–मेल:npchatra@gmail.com

**CORRIGENDUM**
**CANCELLATION OF TENDER**

इस कार्यालय के पत्रांक–896/न0प0, दिनांक–01.08.2024 के द्वारा e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/05/ 2024-25 दिनांक–10.08.2024 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग तहत रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.- 332484 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित ई–निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 333315 Urban Development(24-25).D

---

### कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**CORRIGENDUM**
**CANCELLATION OF TENDER**

इस कार्यालय के पत्रांक–897/न0प0, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2024–25, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत शहरी परिवहन/नागरिक सुविधा मद से रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.- 332485 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 333313 Urban Development(24-25)#D

---

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला नजारत)

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना) (Very Short term Tender Notice)**

विशिष्ट माननीयों के लोहरदगा में आगमन के अवसर पर इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कम्पनी/संस्थान/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्रतिनिधि आदि से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक **30.08.2024** के **11:00** बजे पूर्वा0 तक आमन्त्रित की जाती है।

"अति अल्पकालीन निविदा में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद अति अल्पकालीन निविदा के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **30.08.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिलास्तरीय क्रय एंव मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। अति अल्पकालीन निविदा संबंधी किसी प्रकार के संशय **(Confusion)** निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर **9471163670** पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 333328 (Lohardaga)24-25*D

---

### कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा
*Email ID - lohardagaZilaparisad@gmail.com* *Mobile no - 06526-222064*

**सूचना**

दिनांक 16.07.2024 को संम्पन्न जिला परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कुडू बस स्टैण्ड में नव निर्मित दुकानों को सर्वप्रथम पुराने दुकानदार जिनका दुकान खाली करवाया गया है, उन्हे दिनांक 03.09.2024 को 12.00 बजे मध्याहन जिला परिषद सभा कक्ष में डाक के माध्यम से निम्नांकित व्यक्तियों में आवंटित किया जाना हैं :–

1.श्री हफीज 2.श्री प्रदीप साव तामकर 3.श्रीमती किरण देवी 4.श्री सबान खान 5.श्री प्रमोद ठाकुर 6.श्री विकास कुमार
7. श्रीमती सुनिता देवी 8.श्री श्रवण कुमार 9.श्री शिवनारायण ठाकुर 10.श्रीमती पुनम देवी

यदि उक्त व्यक्ति दुकान लेना चाहते हैं तो जमानत की राशि मो0 20000.00 (बीस हजार) रूपये का डी0डी0, के साथ डाक के पूर्व आवेदन समर्पित करेंगे।

नियम एवं शर्तो के लिए कार्यालय के सूचना पट्ट या लोहरदगा जिला के **website www.Lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 333318 (Lohardaga)24-25*D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/06/2024-25/RE/Gr_2

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | BOQ की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत चंदवा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप में चाहरदीवारी निर्माण। | 29,59,776 | 59,500 | 5,000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 333303 (Rural Development) 24-25 (D)

---

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना, चोरी गई वाहन**

( Passion Pro मोटरसाईकिल, रंग– SBK )

विशुनपुरा थाना कांड सं0–35/2024 दिनांक–18.07.2024 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी Passion Pro मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03J3542 चेचिस नं0–MBLHA10AWDHE52529 इंजन नं0–HA10ENDHE68570 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 333247 Police(24-25)#D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 11/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 20.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA/24/2024-25 | लोवादाग पी0एम0जी0एसवाई0 रोड से मदरसा टोला होते हुए अधौरा स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (2.600 कि0मी0) | 331.452 | तीन करोड़ एकतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/25/2024-25 | चेटे मुख्य पथ द्वारिका साव के घर से चतरी टाँड़ होते हुए गम्हरिया स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (4.050 कि0मी0) | 494.067 | चार करोड़ चौरानबे लाख छः हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 333243 Rural Work Department (24-25)_D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 10/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 20.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/STPKG-02/2024-25 | पी0डब्लू0डी0 पथ प्रतापपुर ईदगाह से आर0ई0ओ0 रोड जाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (5.750 कि0मी0) | 1436.482 | चौदह करोड़ छत्तीस लाख अड़तालीस हजार दो सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | गढ़वा | | एन0एच0–343 से सोह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.530 कि0मी0) | | | |
| 3 | मेराल | | गढ़वा चिनियाँ मुख्य पथ (पेस्का ऑफिस) से बगेसर स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (7.700 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.333242 Rural Work Department(24-25):D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–20.08.2024
ई–पुर्ननिविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/07/2024-25/RE(2nd Call)

PR 332003 Rural Development(24-25)#D

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा सदर प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–मधेया में अनजान शहीद के पास दानरो नदी (डाण्डू) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 5,71,79,530.00 | 11,43,600.00 | 10000.00 | 24 माह | 152.16 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 22.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–22.08.2024 से दिनांक–28.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–30.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा।

PR 333240 Rural Development(24-25)D

---

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या–**EE/RDSD/PALAMAU-08/2024-25**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड चैनपुर के पंचायत तलैया बभंडी में श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर का पर्यटकीय विकास कार्य। | 1040100.00 | 21000.00 | 2500.00 | 02 माह। |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 30.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू

PR 333352 (District)24-25*D

संपादकीय

# भारत बंद : स्वेच्छा जबरन और नुकसान

देश का सबसे पहला भारत बंद 1862 में लगा था। उस समय देश में अंग्रेजों का राज था, उनकी प्रताड़ना से पूरा देश त्रस्त था। स्वतंत्रता आंदोलन में स्वेच्छा से बंद होते थे ।सवाल ये उठता है कि क्या देश का संविधान भारत बंद या हड़ताल को किसी भी नागरिक का मौलिक अधिकार मानता है या नहीं? क्या कानून किसी तरह से लोगों को भारत बंद या हड़ताल की इजाजत देता है? अब संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (c) देश के किसी भी नागरिक को यूनियन बनाने का अधिकार देता है। वहीं 19 (a) के तहत सभी को अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है। इसी तरह विरोध प्रदर्शन को भी 19 (a) में शामिल किया जा सकता है, वो एक प्रकार की अभिव्यक्ति है। लेकिन फर्क ये रहता है कि वो प्रदर्शन हिंसक नहीं होना चाहिए, पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। बड़ी बात ये है कि संविधान में कही भी हड़ताल, बंद जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया गया है। साफ कहा गया है कि हड़ताल, चक्का जाम और बंद किसी का मौलिक अधिकार नहीं हो सकता है। यानी कि संविधान को सहारा बनाकर भारत बंद का ऐलान नहीं किया जा सकता है। ये अलग बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही कई फैसलों में विस्तृत गाइडलाइन जारी कर रखी है। उन गाइडलाइन्स के मुताबिक अगर हड़ताल या बंद किया भी जा रहा है, तो पहले आयोजकों को पुलिस से मुलाकात करनी होगी, शांति बनाए रखने का आश्वासन देना होगा। इसी तरह हड़ताल के दौरान लाठी, ब्लेड की इजाजत नहीं जाएगी। वही जिस जगह पर हड़ताल या बंद चल रहा है, उस एरिया की जिम्मेदारी पुलिस के सर्वोच्च अधिकारी को दी जानी चाहिए। इसके अलावा अगर हड़ताल या बंद के दौरान पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान हुआ है तो उस स्थिति में जितना नुकसान हुआ है, उसकी दोगुनी रकम बतौर जुमार्नी वसूली जा सकती है इस भारत बंद का एक हैरान कर देने वाला पहलू ये है कि ऐसे प्रदर्शनों की वजह से देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होता है। कई रिपोर्ट्स में दावा हो चुका है कि एक दिन के भारत बंद से हजारों करोड़ की चपत लगती है। असल में जब कई कारखाने बंद हो जाते हैं, जब कई सेवाएं घंटों के लिए रोक दी जाती हैं, इसका सीधा असर आम आदमी पर पड़ता है। इसी कड़ी में फेडरेशन ऑफ इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बताती है कि भारत बंद से कितना नुकसान होगा, इसका आकलन इस बात से भी किया जाता है कि आखिर किस वर्ग की तरफ से इसका आव्हान किया गया है। उदाहरण के लिए अगर बैंक कर्मचारी बंद का ऐलान करते हैं तो उस स्थिति में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो जाएंगी। उससे देश को करीब 25 हजार करोड़ का नुकसान होगा। अगर मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे तो देश को करीब 26 हजार करोड़ की चपत लगेगी।

> अब संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (c) देश के किसी भी नागरिक को यूनियन बनाने का अधिकार देता है। वहीं 19(a) के तहत सभी को अभिव्यक्ति की आजादी मिलती है।

# पोषण सुरक्षा के लिए उचित दर की दुकानों का पुनः अभिविन्यास



चमन प्रकाश, एक उचित दर दुकान (एफपीएस) डीलर हैं जो उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के प्रताप विहार ब्लॉक में पिछले 11 वर्षों से खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं। इस क्षेत्र में एक मात्र एफपीएस डीलर होने के कारण वे 1,500 से अधिक परिवारों को सेवा प्रदान करते हैं। समुदाय में एक विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में उनकी प्रतिष्ठा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण हुए व्यवधानों के दौरान और भी महत्वपूर्ण हो गई, जब लाभार्थी अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से जुड़ी पात्रताओं पर बहुत अधिक निर्भर थे। प्रकाश, देश भर के उन 5.3 लाख डीलरों में से एक हैं, जो अंतिम छोर तक खाद्यान्न वितरण एजेंट के रूप में कार्य करते हैं और पीडीएस के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इन एफपीएस को राज्य सरकारों द्वारा लाइसेंस दिया जाता है और इनका प्रबंधन भी किया जाता है तथा डीलरों को अपनी दुकानों पर प्रति क्विंटल लेन-देन के आधार पर डीलर मार्जिन के माध्यम से मुआवजा मिलता है। तथापि, एफपीएस के माध्यम से खाद्यान्न वितरण प्रत्येक माह 7-10 दिनों की अवधि में केंद्रित होता है। माह के शेष दिनों में, ये दुकानें कम उपयोग में रहती हैं, जिससे डीलरों को कोई अतिरिक्त आय का अवसर नहीं मिलता है। एफपीएस में भौतिक और मानव संसाधनों का इस प्रकार से उपेष्टतम उपयोग से, आवश्यक अंतिम छोर तक वितरण नेटवर्क की आर्थिक व्यवहार्यता और स्थिरता को खतरा पहुंचता है। पिछले एक दशक में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने एफपीएस को आधुनिक बनाने के लिए विभिन्न क्रियाकलाप लागू किए हैं। सभी एफपीएस में इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल (ई-पॉस) डिवाइस लगाए गए हैं, और लगभग 100% लेन-देन अब आधार द्वारा बायोमेट्रिक रूप से प्रमाणित होते हैं। खाद्यान्नों का सही वजन सुनिश्चित करने के लिए ई-पीओएस उपकरणों को इलेक्ट्रॉनिक तराजू से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिसे 2024 के अंत तक पूरा किया जाना है। राज्यों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मॉडल एफपीएस विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जिसमें लाभार्थियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और पीने के पानी जैसी सुविधाएं हों। राज्य सरकारों को एफपीएस डीलरों के लिए अतिरिक्त आय के स्रोत सृजित करने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवाओं और बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) सेवाओं जैसी अतिरिक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया गया है। जनवरी, 2024 में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) में एफपीएस को ऑनबोर्ड करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य एफपीएस के ग्राहक आधार को विस्तार देना और उसकी व्यवहार्यता को बढ़ाना है। यद्यपि, एफपीएस की आर्थिक स्थिरता डीलरों और सरकार दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। एक अन्य गंभीर चुनौती लाभार्थियों की पोषण सुरक्षा रही है। वर्तमान में, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग केवल पीडीएस के माध्यम से ऊर्जा देने वाले (एनर्जी रिच) अनाज (चावल और गेहूं) प्रदान करता है, जबकि आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पोषण संबंधी कमियों का सामना कर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5) के आंकड़े उच्च एनीमिया दरों को दशार्ते हैं : 6 से 59 महीने की आयु के बच्चों में 67.1%, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में 57% और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में 25%। इसके अतिरिक्त, पांच साल से कम उम्र के बच्चों में स्टंटिंग, वेस्टिंग और कम वजन के मुद्दे बने हुए हैं। अतः, एफपीएस डीलरों के लिए आय के अवसरों को बढ़ाने के साथ-साथ आहार विविधीकरण के माध्यम से जनसंख्या के पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने जैसे दोहरे दृष्टिकोण (डुअल अप्रोच) की आवश्यकता है। इन दो चुनौतियों पर काबू पाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने 60 एफपीएस- गाजियाबाद, जयपुर, अहमदाबाद और हैदराबाद प्रत्येक में 15 एफपीएस को जनपोषण केंद्र (जेपीके) में परिवर्तित करने के लिए एक प्रायोगिक (पायलट) कार्यक्रम शुरू किया है। ये केंद्र, अन्य मदों के अलावा, खुले बाजार की तुलना में प्रतिस्पर्धी कीमतों पर पोषक तत्वों से भरपूर वस्तुओं जैसे मिलेट्स (श्री अन्न), दालें, खाद्य तेल और सोयाबीन की एक विविध रेंज पेश करेंगे। जेपीके का उद्देश्य लाभार्थियों और स्थानीय आबादी के बीच पोषण संबंधी अंतर को दूर करते हुए डीलरों के लिए अतिरिक्त राजस्व स्रोत और बेहतर मार्जिन प्रदान करना है। एफपीएस का जेपीके में बदलाव चार प्रमुख स्तंभों पर निर्भर करता है: (i) एफपीएस डीलरों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण, (ii) चालान वित्तपोषण (इन्वॉइस फाइनैन्सिंग) के माध्यम से एफपीएस डीलरों के लिए कार्यशील पूंजी तक पहुंच, (iii) बी2बी एग्रीगेटर्स के माध्यम से बाजार संपर्क, और (iv) पोषण संबंधी साक्षरता को बढ़ावा देना। एफपीएस डीलरों की क्षमता बढ़ाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कौशल विकास मंत्रालय के तहत काम करता है। इस साझेदारी का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, पोषण संबंधी साक्षरता और व्यवसाय प्रबंधन पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करना है।

आज की बात



संजीव चोपड़ा
भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव

आपकी बात

## एक हत्याकांड के सहारे राहुल की फिर हिंदुओं को बांटने की साजिश



संजय सक्सेना

कांग्रेस के 'ब्रांड अम्बेसडर' और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी जिस तरह की जातिवादी राजनीति कर रहे है,वह देश और समाज के लिये काफी घातक है। राहुल गांधी अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिये हिन्दू समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। यह सिलसिला राहुल ने काफी पहले शुरू कर दिया था। इस साल हुये आम चुनाव के बाद तो राहुल ने हिंदुओं को बांटने की साजिशें और भी तेज कर दी हैं। आश्चर्य की बात यह है कि पारसी दादा फिरोज घांडी के पौत्र राहुल गांधी अपनी जाति धर्म तो छिपाते हैं पर हर हर हिन्दू युवक से उसकी जाति पूछना वह अपना अधिकार समझते हैं। सबसे पहले जान लेते हैं कि राहुल गांधी के दादा फिरोज घांडी को गांधी उपनाम कैसे मिला? कई किताबें कहती हैं कि घांडी फिरोज का कुलनाम था, जो पारसी धर्म में एक जाति विशेष का उपनाम होता है। फिरोज का उपनाम घांडी लोगों की जुबान पर नहीं चढ़ा था,एक तो घांडी उपजाति वाले पारसियों की आबादी बेहद कम थी दूसरे उस समय तो सब गांधी के पीछे भाग रहे थे। अज्ञानतावश लोग फिरोज घांडी को भी फिरोज गांधी कहकर बुलाने लगे,जिसका फिरोज को फायदा भी मिला, इसलिये उन्होंने कभी इसका विरोध नहीं किया, लेकिन यह भी हकीकत है कि वह मरते दम तक पारसी ही रहे उन्होंने अपना धर्म नहीं बदला। पारसी समाज के रीतिरिवाज के अनुसार ही उनकी अंतिम क्रिया हुई थी। खैर, यह सब इस लिये याद आ गया क्योंकि राहुल गांधी एक बार फिर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में हुई एक हत्या के सहारे हिन्दुओं को आपस में लड़ाने के लिये बिसात बिछा रहे हैं। बता दें पिछले दिनों राबयरेली में आपसी लड़ाई झगड़े में पासी समाज के युवक अर्जुन की हत्या कर दी गई थी। यह एक आपराधिक घटना थी जिसे राहुल गांधी ने दलित बनाम सवर्ण सियासत में बदल दिया।अपनी इसी सियासी महत्वाकांक्षा को पूरी करने के लिये 20 अगस्त मंगलवार को रायबरेली पहुंचे। उन्होंने यहां अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात की। भरोसा दिया कि उत्पीड़न के मामले को सड़क से सदन तक उठाया जाएगा। राहुल गांधी इस हत्याकांड के सहारे अगड़ों और दलितों के बीच खाई पैदा करने का कुचक्र रचने लगे। बता दें राहुल गांधी दलित समाज के युवक अर्जुन पासी के मामले को लेकर विधानसभा की 103 सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं ।उनकी पार्टी यह भी रणनीति बना रही है कि दलितों से जुड़े मुद्दे पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में भी अब अर्जुन पासी की हत्या का मुद्दा उठाया उत्तर प्रदेश में जाटवों के बाद पासी दूसरा सबसे बड़ा दलित समुदाय है, जो राज्य की कुल अनुसूचित जाति आबादी का लगभग 16 प्रतिशत है। समाज के लोगों का दावा है कि वे करीब 103 सीटों पर प्रभाव रखते हैं, जिसमें 70 सीटें ऐसी हैं, जहां पासी समाज ही निर्याणक भूमिका में हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## सरकारी नौकरियों में लैटरल एंट्री पर हंगामा गलत



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में अहम पदों को संभालने के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने हाल ही में लैटरल एंट्री या कहें कि पार्श्व प्रवेश के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों के चयन के लिए एक विज्ञापन अखबारों में निकलवाया था। इसी को लेकर देशभर में गैर-जरूरी हंगामा खड़ा हो गया या निहित स्वार्थ से भरे लोगों द्वारा खड़ा कर दिया गया था। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्र सरकार में लैटरल एंट्री पर रोक लगा दी गई है। यूपीएससी से कहा गया है कि वो लैटरल एंट्री से नियुक्ति न करे। कार्मिक विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी चेयरमैन प्रीति सूदन को पत्र लिखकर कहा है कि इस नीति को लागू करने में सामाजिक न्याय और आरक्षण का ध्यान रखा जाना चाहिए। बात बस इतनी सी थी कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने एक विज्ञापन जारी कर कहा था कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ पदों पर काम करने के लिए ₹प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों₹ की तलाश है। इन पदों में 24 मंत्रालयों में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के शामिल हैं, जिनमें कुल 45 पदों पर भर्ती होनी है। इस विज्ञापन के छपने के बाद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सबसे ज्यादा हंगामा काट रहे थे। कह रहे थे कि केन्द्र सरकार सरकारी विभागों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े लोगों को भर्ती करना चाहती है। हालांकि हमेशा की तरह राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए किसी तरह के प्रमाण देने की जरूरत तक नहीं महसूस नहीं की। वे वैसे भी राहुल गाँधी जी हवाई बातें-दावे करने में माहिर हैं। काश, राहुल गांधी को यह पता तो होगा ही कि देश के दस सालों तक प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह को देश का वित्त सचिव तक लेटरल एंट्री के माध्यम से ही बनाया गया था। वह तो तब तक तो वे दिल्ली विश्व विद्लाय में पढ़ा रहे थे। इसी तरह से मंटेक सिंह आहलूवालिया को भी कांग्रेस सरकार ने ही योजना आयोग का चेयरमैन बना दिया था। उनकी नियुक्ति भी उसी तरह से हुई थी जिस तरह से डॉ मनमोहन सिंह की खुद की हुई थी। राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेता कह रहे थे कि यूपीएससी की भर्ती की यह प्रक्रिया 'पीछे के दरवाजे से भर्ती' है। इसे अंग्रेजी में बैक एंट्री भी कहा जा रहा है। अब कांग्रेस के नेताओं से यह तो पूछा ही पूछा जाना चाहिए कि सैम पित्रोदा और रघुरामन राजन कौन थे? उन्हें किस आधार पर सरकार में लैटरल एंट्री के तहत ऊंचे पदों पर नौकरी दी गई थी? **(ये इनके निजी विचार हैं)**

बोधि वृक्ष

> जब आप मन को अपने कर्मों के प्रभावों के आगे झुकने नहीं देते, तो आपके कर्मों के प्रभावों में आपको क्षति पहुंचाने की शक्ति अत्यन्त कम हो जाती है। इसे याद रखें।

## विपत्ति के समय शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

उसे शान्त करने से आप उसकी कड़वाहट को कम कर सकते हैं तथा चोट पहुँचाने की उसकी इच्छा को मिटा सकते हैं। जब आप मन को अपने कर्मों के प्रभावों के आगे झुकने नहीं देते, तो आपके कर्मों के प्रभावों में आपको क्षति पहुँचाने की शक्ति अत्यन्त कम हो जाती है। इसे याद रखें। पिछले गलत कर्मों के बुरे प्रभाव को आप वर्तमान में सही कर्मों को गतिशील करके, उनके अच्छे प्रभावों से प्रभावहीन कर सकते हैं, और इस प्रकार अपने बुरे कर्मों के फलीभूत होने के लिए अनुकूल वातावरण बनने को रोक सकते हैं। जब आप स्वयं को ईश्वर की सन्तान के रूप में पहचान लेते हैं, तब आपका कौन-सा कर्म रह जाता है? ईश्वर का कोई कर्म नहीं है। और जब आप यह जान लेते हैं कि आप उनकी सन्तान हैं, तो आपका भी कोई कर्म नहीं रहता। प्रतिदिन आपको यह प्रतिज्ञापन करना चाहिए, मैं नश्वर प्राणी नहीं हूँ, मैं शरीर नहीं हूँ। मैं ईश्वर की सन्तान हूँ। यही ईश्वर की उपस्थिति का अभ्यास है। ईश्वर कर्मों से मुक्त हैं। आपका सृजन उनके प्रतिबिम्ब में हुआ है। आप भी कर्मों से मुक्त हैं। किसी को आपसे यह कहने की अनुमति न दें कि आपके दुःख या समस्याएँ आपके कर्म हैं। आप (आत्मा) का कोई कर्म नहीं है। आदि शंकराचार्य ने कहा था: मैं ब्रह्म के साथ एक हूँ, मैं 'वह' हूं। यदि आप इस सत्य का अनुभव कर लें, तो आप एक देवता हैं। परन्तु यदि आप मानसिक प्रतिज्ञापन करते रहें, मैं देवता हूँ और मन की पृष्ठभूमि में यह सोचते रहें, परन्तु ऐसा लगता है कि मैं एक नश्वर प्राणी हूं। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

Harivansh
21m ·

दशकों बाद चतरा (झारखंड) जाना हुआ. द प्रेस क्लब ऑफ चतरा के सौजन्य से. चतरा के आत्मीय पत्रकार साथियों ने 'भावी दुनिया में भारत' विषय पर व्याख्यान रखा था. चतरा और उसके आसपास हुए बदलाव को देखा. आयोजन में झारखंड सरकार के माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता जी, चतरा के लोकप्रिय सांसद कालीचरण सिंह जी, चतरा के युवा उपायुक्त रमेश घोलप जी समेत अनेक गणमान्य लोग सहभागी बने. इस सार्थक आयोजन के लिए प्रेस क्लब, चतरा का आभार.



You, Sushil Bharti and 21 others · 5 comments
Like · Comment · Send · Share

X से

Deepak Sharma @SonOfBharat7 · 1h

नीले आतंकियों ने की
35 बच्चों को जिन्दा जलाने की साज़िश...

बिहार के गोपालगंज में भारत बंद के नाम पे एक स्कूल बस को आग लगाने की कोशिश की

पर ईश्वर की कृपा से सभी बच्चे सुरक्षित हैं...

लेकिन कई बच्चे सदमे में हैं जिन्हे अस्पताल ले जाया गया है



327 · 1.5K · 2.8K · 43K

अलग बात

## विनिर्माण क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर




प्रहलाद सबनानी

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाईयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आरटीफिशियल इंटेलिजेन्स का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपए की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

इतिहास की बात

## पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर



शिवप्रकाश

पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर, का जीवन सादगीपूर्ण एवं शासन शैली संवेदनशील, सहज, धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय एवं लोक कल्याणकारी थीं। इन्हीं गुणों के कारण उनकी प्रजा उन्हें सदैव लोकमाता के रूप में देखती थी। उनके अप्रतिम गुणों को देखकर ब्रिटिश इतिहासकार जॉन केयस ने उन्हें दार्शनिक रानी की उपाधि दी। अहिल्याबाई पिता मंकोजीराव शिंदे एवं माता सुशीलाबाई के परिवार में 31 मई 1725 को जन्मी थीं। उनका जन्मस्थान चौंडी (अहमदनगर, महाराष्ट्र) था, जो अब अहिल्यानगर के नाम से ही परिवर्तित हो गया है। धनगर जाति में जन्म लेने के बाद भी उनकी प्रतिभा को पहचानकर पेशवा बाजीराव एवं मल्हारराव होल्कर दोनों के परस्पर परामर्श के उपरान्त अहिल्याबाई का विवाह मल्हारराव ने अपने पुत्र खंडेराव के साथ संपन्न कराया । युद्ध में वीरगति प्राप्त होने के कारण उनको पति वियोग सहना पड़ा । अपने जीवन काल में उन्होंने श्वसुर मल्हार राव होल्कर, नवासे (पुत्री के पुत्र) एवं पुत्री सभी की असमय मृत्यु को देखा। इसी असहय वेदना को सहते-सहते वे स्वयं भी 70 वर्ष की उम्र में 1795 में संसार छोड़कर चली गई। पति की मृत्यु के पश्चात अपने श्वसुर के आग्रह पर उन्होंने राजकाज सम्हालना प्रारंभ किया। उनका शासन प्रजावत्सल, न्यायप्रिय, सुशासन का प्रतीक था। धर्म के प्रति भक्ति के कारण उन्होंने अपनी राजधानी इंदौर से परिवर्तित कर पवित्र नदी नर्मदा के किनारे महेश्वर में स्थानांतरित की। उनका महेश्वर में राजधानी स्थानान्तरित करने का उद्देश्य था कि राज्य संचालन के साथ-साथ वह मां नर्मदा की सेवा एवं आराधना कर सकें। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर उनकी 300वीं जयंती के अवसर पर हम उनके दिखाये मार्ग का अनुसरण करते हुए एकात्म, समृद्ध, समरस एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण करें तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करें। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### गणपति पूजा को लेकर समिति का गठन, राजू राम बने अध्यक्ष

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाइपास रोड शिव मंदिर में गणपति पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने की। बैठक में अगामी 7 सितंबर को होने वाले गणपति पूजा को सही संचालन हेतु समिति गठित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से राजू राम अध्यक्ष,रंजन कुमार कोषाध्यक्ष,राजेश साव सचिव एवं हरी प्रजापति को व्यवस्थापक चुना गया। समिति के अध्यक्ष राजू राम ने बताया की इस वर्ष भी गणपति बप्पा मोर्या में लंदन ब्रिज पर आधारित पंडाल निर्माण कार्य किया जाएगा। जिसमें गणपति बप्पा मोर्या की प्रतिमा स्थापित की जाएगी जो आकर्षक का केंद्र होगा। ज्ञात हो कि मयूरहंड बायपास रोड में लगभग दस वर्षों से गणपति बप्पा मोर्या की पूजा अर्चना धूमधाम से की जा रही है।

### अंतर जिला समन्वय समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**हेरहंज।** विधानसभा चुनाव को लेकर थाना परिसर में लातेहार, पलामू अंतर जिला समन्वय समिति बैठक हेरहंज थाना परिसर में हुई। बैठक में एसडीपीओ बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ लेस्लीगंज(पांकी) मनोज झा, थाना प्रभारी हेरहंज विक्रम कुमार, थाना प्रभारी पांकी उत्तम तिवारी, दोनो थाना के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को सुगमतापूर्वक बिना किसी अपराधिक घटना के भय मुक्त वातावरण में करवाने का निर्देश दिया गया। साथ ही उग्रवादी व अपराधी बॉर्डर के इस पार अथवा उस पार नहीं हो इसके लिए पुलिस जवान को विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया। सीमावर्ती अपराधियों की सूची आदान प्रदान की गई। विधानसभा चुनाव के दौरान किसी भी बूथ में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो, इसके लिए अभी से ही तैयारी करने का निर्देश दिया गया।

### अकेले नहीं हैं आप शीर्षक के तहत वरिष्ठ नागरिकों को दी गई विधिक जानकारी

**मयूरहंड (चतरा)।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा के मार्गदर्शन में बुधवार को मयूरहंड प्रखण्ड के नवादा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें (अकेले नहीं हैं आप) शीर्षक के तहत वरिष्ठ जनों को मिलने वाली विधिक सेवाएं तथा उनके प्रति कर्तव्य के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ उन्हें अकेला महसूस नहीं करने उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चतरा है बताया गया। 15100 टॉल फ्री नंबर पर विधिक सलाह हेतु प्रेरित किया गया। शिविर का आयोजन पीएलवी दयानन्द कुमार शर्मा एवं मोजहिर हुसैन के नेतृत्व मे आयोजित की गई। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिले में भारत बंद का मिला-जुला असर, नहीं चले लंबी दूरी के वाहन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर बनाने के विरोध में बुधवार को भारत बंद के तहत जिला में मिलाजुला असर दिखा। सुबह से ही बंद समर्थक लातेहार जिला मुख्यालय की सड़कों उतर बंद कराते दिखे। इस दौरान बंद समर्थकों ने समाहरणालय गेट के पास पहुंच जमकर नारेबाजी की और और दोनों से ओर से यातायात को पूरी तरह से बाधित कर दिया। आरक्षण बचाव संघर्ष समिति और बसपा ने बंद का आह्वान किया था, जिसका समर्थन कांग्रेस, राजद, सपा और जेएमएम भी कर रही है। इस वजह से लातेहार में बंद का मिलाजुला असर दिखा। बंद समर्थक सुबह से ही सड़कों पर उतर बंद कराते दिखे और समाहरणालय गेट के पास पहुंच बैठ गए। एहतियात के तौर पर लातेहार में अधिकतर निजी स्कूलों में पहले ही छुट्टी की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि सरकारी विद्यालय और सरकारी कार्यालय खुले रहे। लंबी दूरी की बसों का परिचालन बंद रहा।

**छोटे वाहन आम दिन की तरह चला :** राष्ट्रव्यापी बंद के कारण जिले के बाजार आंशिक रूप से खुला रहा। उल्लेखनीय है कि बंदी अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण में क्रीमीलेयर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ की गई थी। बंद का आह्वान अनुसूचित जाति आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और विभिन्न संगठनों की ओर से किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद की ओर से बंद का समर्थन किया गया था। बंदी रात आठ बजे तक के लिए आहूत की गई है। आंदोलन कर रहे लोगों का कहना है कि क्रीमीलेयर के बहाने आरक्षण खत्म करने का रास्ता खोला गया है। उन्होंने कहा कि अभी भी अनुसूचित जाति जनजाति समाज के लोग अपेक्षित हैं और मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाए हैं। ऐसे में संविधान प्रदत आरक्षण के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जाए। बंद के दौरान अपील की जा रही है कि आम जनता घरों से बाहर न निकले।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का निर्णय :** दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि सभी एससी-एसटी जातियां और जनजातियां एक समान वर्ग नहीं हैं। कुछ जातियां अधिक पिछड़ी हो सकती हैं, जो पिछड़ी हैं उनके लिए राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण (सब-क्लासिफिकेशन) कर अलग से कोटा निर्धारित कर सकती है। ऐसा करना संविधान के आर्टिकल-341 के खिलाफ नहीं है लेकिन इसमें भी राज्य सरकार को दो शर्तों का ध्यान रखना होगा। पहला एससी के भीतर किसी एक जाति को सौ फीसदी कोटा नहीं दे सकती और दूसरा कोटा तय करने से पहले उनकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए।

### पुलिस हाई अलर्ट मोड में थी

भारत बंद के मद्देनजर पुलिस ने भी बड़ी तैयारी थी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिया गया था ताकि किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो। विरोध-प्रदर्शन के दौरान किसी भी तरह का तनाव न हो, इसके लिए पुलिस तैनात थी। भारत बंद के दौरान किसी तरह की हिंसा न हो इसे ध्यान में रखते हुए लातेहार एसडीओ अरविंद कुमार ने सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा है कि सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन होना चाहिए। इमरजेंसी सेवा को बहाल करने के लिए सड़कों को खाली रखना है।

## बालूमाथ में भारत बंद का रहा प्रभाव



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बीते दिनों सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए एससी-एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में बालूमाथ में राष्ट्रव्यापी भारत बंद का मिला जुला असर देखा गया। अंबेडकर चेतना मंच व सामाजिक संगठन द्वारा सैकड़ों महिला, पुरुष, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने एससी, एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में रैली निकाली गई। रैली बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर नगर से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए बस स्टैंड, थाना चौक, मुरपा मोड़ होते प्रखंड सह अंचल कार्यालय गेट तक पहुंची। वहां से वापस मुरपा मोड़ चौक पहुंच कर रैली सभा में तब्दीन हो गई। रैली के दौरान एससी-एसटी वर्गीकरण नियम वापस लो, एससी एसटी पर राजनीति करना बंद करो, एससी एसटी ओबीसी जिंदाबाद सहित कई नारे लगाए गए। अंबेडकर चेतना मंच के राजद नेता सुरेश राम ने कहा कि यह एससी-एसटी को विभक्त करने का नियम है। यह नियम कमजोर करना चाहती है। ऐसा कानून व्यवस्था नहीं चलेगा। समाजसेवी संजय राम ने कहा कि एकता अखंडता को तोड़ने की यह साजिश को कभी पूरा नहीं होने दिया जायेगा। अगर यह नियम वापस नहीं हुआ तो क्रमबद्ध आंदोलन शुरू किया जायेगा। मौके पर पाढ़ा राजा प्रभु दयाल उरांव ने कहा कि यह देश में राज करने की राजनैतिक नियम है। जो बिलकुल गलत है। एससी, एसटी के आरक्षण में छेड़छाड़ बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन करेंगे। कांग्रेस नेता मोहम्मद जुबेर चेतना मंच के अध्यक्ष सह राजा नेता मनोज यादव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश यादव, विनोद भुइयां ने एससी, एसटी आरक्षण वर्गीकरण के विरोध में अपनी बातों को रखा। विरोध प्रदर्शन के दौरान बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर,बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ रैली के साथ मौजूद रहें। विरोध में यातायात व्यवस्था ठप करने का प्रयास किया गया पर अंबेडकर चेतना मंच द्वारा रोक दी गई। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे सैकड़ों महिला, पुरुष विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चंदवा में भारत बंद का दिखा व्यापक असर

### सड़के रही वीरान दुकानों व प्रतिष्ठानों पर छाया रहा सन्नाटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए वक्तव्य के विरोध में सामाजिक संगठनों का भारत बंद का चंदवा में व्यापक असर देखने को मिला। कई संगठनों के सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे। सड़क जाम किया। इस दौरान सड़के वीरान व दुकानों-प्रतिष्ठानों में दिन भर सन्नाटा छाया रहा। भारत बंद को राजनीतिक दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस,जेवीकेएसएस, बहुजन चेतना मंच,भीम आर्मी के अलावे अन्य एसटी-एससी संगठन के लोग ने भी अपना समर्थन दिया था। शहर के इंदिरा गांधी चौक पर रांची-चतरा और रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग को बंद समर्थकों ने जाम किया और आरक्षण के समर्थन एवं सुप्रीम कोर्ट व मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। झामुमो प्रवक्ता दीपू सिंहा ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आदिवासी, दलितों की पार्टी है इसलिए बंद को समर्थन दिया है और हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता भारत बंद को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं वहीं सुरेश उरांव ने कहा कि आरक्षण के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। आरक्षण में छेड़छाड़ चाहे केंद्र सरकार हो या न्यायालय करे इसका खुलकर विरोध करेंगे। कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत दबे कुचले लोगों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश रची जा रही है, जिसे देश की जनता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। भारत बंद के तहत किए गए सड़क जाम के कारण आम सहित खास लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। भारत बंद के दौरान चंदवा में दुकानें आम दिनों की तरह खुले रहे लेकिन ग्राहक नदारद रहे। सड़कों पर यात्री बसें नहीं चली। ट्रेनों के परिचालन पर कोई असर नहीं देखा गया। सरकारी विद्यालय एवं कार्यालय खुले रहे पर उपस्थित सामान्य से कम रही।

### महुआडांड़ में भारत बंद का रहा असर, नहीं चली लंबी दूरी की वाहन, सभी दुकानें रही बंद

**महुआडांड़।** आदिवासी मूलवासी एससी,एसटी समूह महुआडांड़ के बैनर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आहूत एसटी-एससी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के खिलाफ बुधवार को भारत बंद का महुआडांड़ प्रखण्ड में व्यापक असर रहा। सभी दूकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहे। लम्बी दूरी के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रही। बंद का नेतृत्व कर रहे जेरोम जेराल्डकुजूर, अजित पाल कुजुर, अभय मिंज, कुलदीप मिंज, अनिल मनोहर, प्रदीप कई अन्य सदस्यों द्वारा घुमकर संत जोसेफ विद्यालय महुआडांड, संत तेरेसा विद्यालय महुआडांड,कॉलेज समेत कई निजी विद्यालय भी खुलने के बंद किया गया। बंद समर्थकों के द्वारा जगह जगह रोड अवरुद्ध कर दिये गये। जिसमें महुआडांड़ नेतरहाट भाया रांची रूट के कुडो मोड़, महुआडांड़ भाया छत्तीसगढ बॉर्डर जाने रास्ते बरटोली व महुआडांड़ से लोध फॉल रूट के रेगाई मोड़ पर अवरुद्ध कर जाम कर दिया गया था। स्कूल बंद हो जाने पर वापस घर लौट रहे स्कूली बच्चे बच्चियों को भारी परेशानी का समाना करना पड़ा। घटों स्कूली बच्चे जाम में भूखे प्यासे फंसे रहे। बहुत जगह जाम में फंसे लोगों की बंद समर्थक से तीखी बहस भी हुई। बंद के दौरान डीएसपी हिमांशु चन्द्र मांझी और थाना प्रभारी के नेतृत्व चौक चौराहे पर पुलिस की तैनाती के साथ-साथ पुलिस गश्त करती नजर आई।

## आरक्षण को लेकर बंदी का कुंदा में दिखा असर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुंदा में आरक्षण को लेकर बंदी का मिलाजुला असर देखने को मिला। इस बंदी के कारण कुछ लोगों को परेशानी हुई है, जबकि अन्य लोगों ने इसका समर्थन किया है। बंदी के दौरान कुछ दुकानें बंद रहा, जबकि अन्य सामान्य रूप से खुले रहें। लोगों का कहना है कि आरक्षण को लेकर बंदी का कुछ हद तक असर हुआ है। वहीं बंदी का समर्थन कर रहे लोगों ने सड़क पर टायर जला दिया जिससे वाहनों का आवागमन कुछ समय तक बाधित रहा। बंदी के समर्थन में भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष सुमन दास ने कहा की सामाजिक संगठनों ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था पर छेड़छाड़ के प्रयासों का विरोध किया है। वही रंजीत भोक्ता ने कहा कि संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जा सकती, खासकर जब यह मजलूमों के हकों की बात हो। उन्होने ने कहा की आरक्षण की व्यवस्था संविधान में मजलूमों के लिए दर्ज की गई है, जो उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने के लिए है। इस व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयासों का विरोध सड़क से लेकर सदन तक किया जाएगा। मौके पर दास समाज, भोक्ता समाज , समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

# करीलगड़वा गांव में नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**नक्सलियों द्वारा फ्लोरी मशीन में आग लगाने के बाद उक्त गांव में बन रही सड़क रह गया अधूरा**

**कुन्दा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत अंतर्गत करीलगड़वा गांव में नदी पर पुल का नहीं होना ग्रामीणों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। नदी पर पुल न होने से बारिश होने के बाद कई घंटों तक ग्रामीणों का प्रखंड मुख्यालय व पंचायत मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है, जिससे उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीण ब्लेन्दर कुमार,मोहन गंझू राजेश गंझु,बुधन गंझु, भादे सिंह भोक्ता,समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि नदी पर पुल की अनुपस्थिति के कारण वे अपने आवश्यक कार्यो को नही कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह समस्या बरसात के मौसम मे बारिस होने के बाद कई घंटों तक गंभीर हो जाती है, जब नदी में पानी बढ़ जाता है तो ग्रामीणों का संपर्क प्रखण्ड व पंचायत मुख्यालय से टूट जाता है। हालांकि हाल ही में प्रखंड मुख्यालय से उक्त गांव को जोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा सड़क की स्वीकृति दी गई थी और उसमें संवेदक के द्वारा काम भी चालू किया गया, लेकिन नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे फलौरी मशीन को आग के हवाले कर दिया था तब से सड़क निर्माण का कार्य बाधित है। वही पुनः ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी पर पुल के साथ सड़क निर्माण करने की मांग की है, ताकि वे अपने दैनिक कार्यों को आसानी से कर सकें। उन्होंने कहा कि पुल व सड़क के निर्माण से न केवल उनका संपर्क प्रखंड व पंचायत मुख्यालय से सुधरेगा, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है।वही इस सम्बंध में मुखिया अनिता देवी ने कहा की उपायुक्त के समक्ष पूर्व में भी यह समस्या रखी गई है। एक बार पुनः उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराना चाहेंगे कि गांव मे उक्त स्थान पर पुल का निर्माण हो ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिल सके।

### पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने मृतक बच्चों के परिजनों से मिल ढ़ांढस बंधाया

**हेरहंज।** पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह समाजसेवी रंजीत जायसवाल ने प्रखंड हेरहंज पंचायत तासु के बंदरलोरियां में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत की घटना के बाद बुधवार को मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा भाजपा परिवार मृतक के परिवार को हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि समय रहते अगर वन विभाग इस सूखा पेड़ को काट देती तो शायद यह दर्दनाक घटना नहीं होता। झारखंड सरकार व खासकर वन विभाग के पदाधिकारियों से घोर लापरवाही के कारण घटना हुई है। जल्द से जल्द मुआवजा और घर में एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की बात कही। ऐसा नही करने पर एक बड़ा आंदोलन करने की चेतवानी दी। कहा कि अभी दो दिन पूर्व में चीरू पंचायत में दो महिलाओं को जंगली सियार द्वारा हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। बीते दिन हाथियों द्वारा कितने गरीबों का घर ध्वस्त करते हुए उन्हे बेघर कर दिया। कई व्यक्तियों का हाथियों ने जान ले ली, फिर भी वन विभाग पर कोई असर नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### युवा जनाक्रोश रैली कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर के समीप भाजपा कार्यालय में बुधवार को मंडल स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में 23 अगस्त को रांची में आयोजित राज्य सरकार के विरुद्ध होने वाले युवा जनाक्रोश रैली कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी बूथ से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील किया गया। मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में दिनदहाड़े हत्या,बलात्कार हो रही रही है। जिसका शिकार गरीब, दलित,आदिवासी और पिछड़े वर्ग की बहन बेटियां हो रही है। 2019 के विधानसभा चुनाव में किये गये सभी वादे हवा हवाई साबित हुई।इन सब विषयों से आक्रोशित होकर राज्य भर के लाखों युवा जनाक्रोश रैली में भाग लेकर सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे।बैठक में,सुरेश प्रसाद राणा,युवा मंडल अध्यक्ष बब्लू कुमार साव, सुनील कुमार राणा,ईश्वर दांगी,बंशी दांगी,चमारी प्रसाद दांगी,ब्रजेश सिन्हा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### बकाया बिजली बिल का करे भुगतान, नहीं तो घर होगा कुर्की



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के विभिन्न गांव के करीब एक सौ बिजली बिल बकायेदारों को नोटिस जारी किया गया। यह नोटिस न्यायालय नीलाम पत्र पदाधिकारी विद्युत आपूर्ति आंचल हजारीबाग द्वारा किया गया है। विद्युत कर्मी संतोष कुमार, महावीर कुमार,पंकज कुमार,रमेश तिर्की,हुलास तिर्की की द्वारा घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को नोटिस तामिल किया गया। नोटिस में कहा गया है कि 15 दिन के अंदर बकाया बिजली बिल का भुगतान करते हुए रसीद न्यायालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। अन्यथा एक पक्षीय फैसला सुनाते हुए आपके विरुद्ध नीलम पत्र की कार्रवाई अर्थात गिरफ्तारी व घर की कुर्की किया जाएगा।जिसका सारा जवाबदेही आपके ऊपर होगा। वहीं दूसरी ओर बकायेदारों को नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मची हुई है।बताया जाता है कि 38 हजार से लेकर 50 हजार तक इन बकायेदारों के पास बिजली बिल बकाया है।

### आरक्षण वर्गीकरण के खिलाफ ठप किया आवागमन

**गिद्धौर (चतरा)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी एसटी आरक्षण में क्रीमिलेयर व वर्गीकरण के खिलाफ दलित संगठनों के साथ महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को घंटों हजारीबाग भाया कटकमसांडी सड़क में आवागमन बाधित रखा। साथ ही साथ करीब ढाई घंटा तक प्रखंड मुख्यालय के साथ अन्य पंचायत में स्थित दुकाने बंद रखवाई। हालांकि दो बजे के बाद दुकान खुल गई व आवागमन सामान्य हो गया। वक्ताओं ने कहा की सुप्रीम कोर्ट क्रीमीलेयर लागू करके दलित व पिछड़ों को बांटना चाहता है। बाबा साहब अंबेडकर ने आरक्षण का आधार सामाजिक पिछड़ापन माना था। परंतु सुप्रीम कोर्ट आर्थिक आधार मानकर क्रीमीलेयर लागू करने की बात कह रही है। यह संविधान के खिलाफ है। वक्ताओं ने कहा जान देंगे परंतु यह कानून लागू नहीं होने देंगे। यह आरक्षण केंद्र सरकार के इशारे पर लागू किया जा रहा है,जो कभी पूरा नहीं होने देंगे। भारत बंद कार्यक्रम में महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के कार्यकर्ताओं के साथ दलितों व पिछड़ों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### यदुनंदन पांडेय बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर अभिभावकों की एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने व देख-रेख करने को लेकर 16 सदस्यों का चयन किया गया। सभी चयनित सदस्यों के द्वारा सर्वसमिति से यदुनंदन पांडेय को अध्यक्ष एवं कविता कुमारी को उपाध्यक्ष पद पर चयन किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सहित कई अभिभावक व ग्रामीण उपस्थित थे।


## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 18 वर्ष 2024–25**

**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 28.08.2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.08.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष,(पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 29.08.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन–2 का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत रजवार में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 3 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मारंगलोईया ग्राम बारा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 4 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत सेरेगडा में ग्राम सेरेगाडा में जर्जर आंगनबाडी केन्द्र भवन–1 का निर्माण। | 1819800 | 36500 | 5000 | 06 माह |
| 5 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम जगलदगा में आर0ई0ओ0 रोड से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3589900 | 72000 | 5000 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–01 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 7 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–02 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 8 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–03 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 9 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–04 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 10 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–05 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत बसिया ग्राम पिण्डारकोम में पीच रोड पिण्डारकोम से दोकनाही न्यू तेतरियाखाड बिरसा नगर होते हुए प्राथमिक / मध्य विद्यालय बेलवाडीह नगडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–06 | 2389400 | 48000 | 5000 | 02 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय / डाकघर सावधि जमा पत्र / 03 वर्षीय / 05 वर्षीय / बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय / 03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
11. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.333264 Rural Development(24-25):D

# हाइब्रिड पिचों के साथ भारतीय क्रिकेट में क्रांति लाना चाहते हैं इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर टेलर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व इंग्लिश क्रिकेटर पॉल टेलर अपने जीवन के 40 से अधिक वर्षों से क्रिकेट से जुड़े हुए हैं। इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने से लेकर प्रथम श्रेणी में असाधारण संख्याएं हासिल करने तक, उन्होंने खेल की जमीनी स्तर को देखा है और अपनी कंपनी एसआईएस पिच्स के साथ स्टिच्ड हाइब्रिड पिचों की शुरुआत करके भारतीय खेल में क्रांति लाने की सक्रिय कोशिश कर रहे हैं। सिली हुई हाइब्रिड पिचों में अधिकांश प्राकृतिक टर्फ घास के साथ लगभग पांच प्रतिशत मुड़े हुए धागे का मिश्रण होता है और यह पिच के लम्बे समय तक चलने में सहायक सिद्ध होता है। यह आयोजन स्थल पर तीन गुना अधिक संख्या में मैच आयोजित करने की भी अनुमति देता है। एसआईएस पिच्स ने भारत में अपनी यात्रा शुरू कर दी है और अभ्यास के लिए इन पिचों को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) में सफलतापूर्वक लागू किया है और इसके ठोस परिणाम मिले हैं। पॉल टेलर ने आईएएनएस को बताया, "हमने धर्मशाला के एचपीसी स्टेडियम में आठ पिचें स्थापित की हैं। मुख्य स्टेडियम स्थल पर चार हैं। और फिर अभ्यास क्षेत्रों में दो-दो हैं। मुख्य स्टेडियम की पिचों का उपयोग अभ्यास के लिए किया गया था, हाल ही में वहां खेले गए दो आईपीएल मैचों के लिए, रेंज हिटिंग के लिए और शुरुआत में प्रतिक्रिया बहुत अच्छी थी। अधिक गति और अधिक उछाल था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने 2019 में सफेद गेंद के मैचों के लिए हाइब्रिड पिचों के उपयोग को मंजूरी दी और आईसीसी ने 2022 में उन पर अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए अनुमति दी।

लॉर्ड्स, एजबेस्टन, सिडनी, एडिलेड ओवल और ईडन पार्क जैसे कई विश्व प्रसिद्ध मैदान एसआईएस द्वारा स्थापित हाइब्रिड पिचों का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "जिन भारतीय खिलाड़ियों ने उनका इस्तेमाल किया, उन्होंने इस बात की सराहना नहीं की कि वे हाइब्रिड पिचें थीं, जो एक अच्छी बात है। कुछ अंग्रेजी खिलाड़ियों ने ध्यान दिया क्योंकि पिछले मैच के कुछ खाली क्षेत्र थे जो पूरी तरह से ठीक नहीं हुए थे और वे कुछ फाइबर देख सकते थे। इसलिए जॉनी बेयरस्टो, सैम करेन, टॉम करेन और लियाम लिविंगस्टोन वहां खेले और उन्होंने देखा कि यह एक हाइब्रिड था। यह देखते हुए कि टी20 विश्व कप के यूएसए चरण में ड्रॉप-इन पिचों के उपयोग के बाद खेल में पेश की जा रही नई पिचों से क्रिकेट जगत भ्रमित है, पॉल ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों सतहें कितनी अलग हैं और नए नवाचार के लाभ क्या हैं। पॉल ने निष्कर्ष निकाला, "पिच में गिरावट, एक पूरी तरह से प्राकृतिक सतह है जो चल ट्रे की तरह बनाई जाती है जिसे क्रिकेट मैदान या खेल स्टेडियम के अंदर और बाहर उठाया जाता है लेकिन यह अभी भी पूरी तरह से प्राकृतिक पिच है। प्राकृतिक घास के साथ, हाइब्रिड पिच वह है जहां कृत्रिम फाइबर को प्राकृतिक टर्फ सतह में इंजेक्ट किया जाता है और प्रभावी ढंग से मिट्टी और घास की ताकत और स्थिरता प्रदान करता है। और इससे अधिक खेल संभव हो पाता है, पिच लंबे समय तक जीवित रहती है। समय के साथ गति और उछाल बढ़ेगा। और प्रभावी ढंग से, आप एक ही पिच पर तीन गुना अधिक क्रिकेट खेल सकते हैं।

**2019** में सफेद गेंद के मैचों के लिए हाइब्रिड पिचों के उपयोग को मंजूरी दी है इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने। आईसीसी ने **2022** में उन पर अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए अनुमति दी।




## टीपीएल सीजन 6 की मेजबानी करेगा मुंबई

# सुमित नागल, ह्यूगो गैस्टन व मैग्डा लिनेट पर होंगी निगाहें





एजेंसी

**मुंबई।** टेनिस प्रीमियर लीग के एक बड़े और बेहतर संस्करण की तैयारियां जोरों पर हैं। लीग ने अपने छठे सीजन के लिए एक नया मेजबान शहर चुना है। देश की सबसे सफल खेल लीगों में से एक टीपीएल मुंबई में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में वापस आ रही है, और इसका आयोजन 3 से 8 दिसंबर 2024 के बीच होना है। टेनिस प्रीमियर लीग 2024 में टेनिस की दुनिया के कुछ शीर्ष नाम भारत में अपने खेल का जलवा दिखायेंगे। पुरुषों में फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन (विश्व नंबर 61) और इन-फॉर्म भारतीय ऐस सुमित नागल (विश्व नंबर 74 और भारत नंबर 1) मुख्य आकर्षण होंगे, जबकि महिलाओं के ड्रॉ में पोलैंड की मैग्डा लिनेट (विश्व नंबर 41) और अर्मेनियाई एलिना अवनेस्यान (विश्व नंबर 52) आकर्षण में से एक हैं। 5 सफल सीजन के बाद टीपीएल, धूमधाम और उत्सव के मामले में इण्डियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद सबसे आगे है।

# 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एशेज के बराबर' : स्टार्क



एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आगाज में अभी करीब तीन महीने का समय बाकी है लेकिन इस सीरीज को लेकर जुबानी जंग शुरू हो चुकी है। दोनों ही टीमों के पूर्व और मौजूदा दिग्गज खिलाड़ी अपनी-अपनी तैयारियों, रणनीति और अनुभव का शेयर कर रहे हैं। इस कड़ी में अब ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का नाम भी जुड़ चुका है। उन्होंने कुछ ऐसा बयान दिया है, जिससे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का रोमांच और बढ़ जाएगा। स्टार्क ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी एशेज के बराबर है, क्योंकि यह हमारे लिए सबसे बड़ी सीरीज है। ऑस्ट्रेलिया ने 2014/15 के बाद से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है, क्योंकि भारत ने 2018/19 और 2020/21 सीरीज में उन्हें मात दी थी। इस साल ये सीरीज पांच टेस्ट मैचों की होगी, जो 1991/92 सीजन के बाद पहली बार हो रहा है। सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। स्टार्क ने वाइड वर्ल्ड ऑफ स्पोर्ट्स से कहा, "इस सीरीज में भी अब पांच मैच हो चुके हैं, जो शायद एशेज सीरीज के बराबर है। हम हमेशा अपने घर में हर मैच जीतना चाहते हैं। हम जानते हैं कि भारत एक बहुत मजबूत टीम है। अभी हम जिस स्थिति में हैं, हम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो टीमें हैं।

प्रशंसकों और निश्चित रूप से खिलाड़ियों के लिए यह एक बहुत ही रोमांचक श्रृंखला है। उम्मीद है कि जब हम 8 जनवरी को वहां बैठेंगे तो हमारे पास वह ट्रॉफी होगी। स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएंगे, लेकिन उन्हें मेजबान और स्कॉटलैंड के खिलाफ टी20 मैचों से आराम दिया गया है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नजदीक है, ऐसे में स्टार्क ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते। स्टार्क ने कहा, टेस्ट मैच हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहेंगे।

> *स्टार्क ने कहा, टेस्ट मैच हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहेंगे। हमें लगातार सात टेस्ट खेलने हैं, जिनमें से पांच भारत के खिलाफ और दो श्रीलंका के खिलाफ हैं। इन मैचों में ज्यादा अंतर नहीं है। इसलिए मुझे, जोश और कमिंस को इसे ध्यान में रखना होगा।*

## मेरे लिए समय बिताना और बोरियत से बचना बेहद मुश्किल : स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पुरुष टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स, जो वर्तमान में बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं, जिसकी वजह से वे श्रीलंका सीरीज से बाहर रहे, ने कहा कि रिकवरी की राह पर उनके लिए सबसे मुश्किल काम समय बिताना और बोरियत से बचना है। 13 अगस्त को स्टोक्स को स्कैन से पता चला कि मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ द हंड्रेड गेम में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए एक तेज सिंगल पूरा करते समय उनकी बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। उन्हें मैदान से बाहर जाने में मदद लेनी पड़ी और टीम डगआउट में बैसाखी के सहारे रहना पड़ा। उन्होंने कहा, ह्यमैं अच्छा महसूस कर रहा हूं।

# टेस्ट सीरीज से पहले एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे धनंजय डी सिल्वा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** धनंजय डी सिल्वा ने स्वीकार किया है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी में कम से कम एक और अभ्यास मैच खेलना चाहते थे। यह श्रीलंका का आठ वर्षों में ब्रिटेन का पहला टेस्ट दौरा था। श्रीलंका ने पिछले सप्ताह न्यू रोड पर इंग्लैंड लायंस टीम के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेला था और अपनी पहली पारी में केवल 139 रन बनाकर आउट हो गई थी, टीम को मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि मेहमान टीम ने खेल में बेहतर प्रदर्शन किया और दूसरे टेस्ट में बेहतर बल्लेबाजी की, लेकिन वे मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट में बिना किसी अतिरिक्त अभ्यास के उतरेंगे। धनंजय ने कहा, एशियाई देशों की तुलना में यहां की परिस्थितियां काफी अलग हैं। हम कुछ मैच खेलना चाहते थे, लेकिन हमें वही मिला। उन्होंने एक बयान में कहा, हम पूरी ताकत के साथ वार्म-अप के लिए नहीं गए। हमने कुछ खिलाड़ियों को आजमाया भी है। नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास तैयारी थी।

यह इस मैच में काम आएगी। धनंजय, जिन्होंने अब तक अपने नेतृत्व में तीन टेस्ट मैचों में से प्रत्येक में श्रीलंका को जीत दिलाई है, ने माना कि 2018 के बाद से यह श्रीलंका की पहली टेस्ट सीरीज है जिसमें दो से अधिक टेस्ट शामिल हैं, जिससे शेड्यूल कड़ा हो सकता है और इसलिए, उनकी टीम संभावित रूप से एक और अभ्यास मैच से वंचित हो सकती है।

# युगांडा ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित की

एजेंसी

**कंपाला।** युगांडा एथलेटिक्स फेडरेशन (यूएएफ) ने 2024 विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए टीम की घोषणा की है, जो 27-31 अगस्त को पेरू के लीमा में आयोजित की जाएगी।



चैंपियनशिप में कई ओलंपियन शामिल होंगे जिन्होंने हाल ही में पेरिस 2024 खेलों में भाग लिया था।

इनमें ब्रैडली नकोआना और बयांडा वालाजा शामिल हैं, जिन्होंने पुरुषों की 4गुणा100 मीटर रिले में दक्षिण अफ्रीका को रजत पदक दिलाने में मदद की, और इथियोपिया की सेम्बो अल्मायेव, जो महिलाओं की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में पांचवें स्थान पर रहीं।

### युगांडा की टीम

जैकब सैंडे (1,500 मीटर), सैमुअल सिम्बा चेरोप (1,500 मीटर और 5,000 मीटर), टाइटस मुसुआ (3,000 मीटर), हर्बर्ट किबेट (3,000 मीटर), केनेथ किप्रॉप (5,000 मीटर), होसेया चेमुताई, (3,000 स्टीपलचेज), केजिया चेबेट (3,000 मीटर), चैरिटी चेरोप (5,000 मीटर), नैन्सी चेपक्वुरुई, लोइस चेकवेमोई (3,000 मीटर स्टीपलचेज), जोशुआ किबेट (कोच)।

## विलारियल ने लुईज जूनियर पर खर्च किए 12 मिलियन यूरो

**मैड्रिड।** विलारियल ने पुर्तगाली क्लब फैमालिकाओ से ब्राजील में जन्मे गोलकीपर लुईज जूनियर को 12 मिलियन यूरो (13.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में अनुबंधित किया है। 23 वर्षीय जूनियर के आने से विलारियल को फिलिप जोर्गेनसन की जगह लेने का मौका मिलेगा, जिन्हें उन्होंने गर्मियों की शुरूआत में चेल्सी को बेच दिया था। कोच मार्सेलिनो गार्सिया टोरल के लिए पहली पसंद बनने के लिए वह एक और नए आगमन, डिएगो कोंडे के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।




## 8 प्रतिशत की विकास दर को प्राप्त किया जा सकता है

# 55 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी का लक्ष्य महत्वाकांक्षी : आईएमएफ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2047 तक बढ़कर 55 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, लेकिन इसके लिए भारत को 8 प्रतिशत की वार्षिक विकास दर आने वाले वर्षों में हासिल करनी होगी। यह लक्ष्य काफी महत्वाकांक्षी है लेकिन प्राप्त किया जा सकता है। आईएमएफ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यन ने यह बात कही है। एक मीडिया इवेंट में उन्होंने कहा कि 8 प्रतिशत की विकास दर को प्राप्त किया जा सकता है। देश की डेमोग्राफी और सरकार की ओर से किए जा रहे नीतिगत सुधारों के कारण पिछले 10 वर्षों में विकास दर तेज रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर हम उद्यमिता की बात करें तो वर्ल्ड बैंक का डेटा दिखाता है कि 2014 के बाद से नई फर्म की संख्या में वृद्धि हुई है, जिसके कारण भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्यम इकोसिस्टम बन पाया है। इससे औपचारिक क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने में सफलता मिली है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अनौपचारिक से औपचारिक की तरफ जा रही है। भारत की दो-तिहाई अर्थव्यवस्था अनौपचारिक है। अनौपचारिक क्षेत्र की फर्म में औपचारिक की अपेक्षा कम उत्पादकता होती है।

वर्ल्ड बैंक का दावा है कि भारत को अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय के एक-चौथाई हिस्से तक पहुंचने में 75 वर्ष का समय लगेगा। इस पर आईएमएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मिडिल इनकम की परिभाषा काफी बड़ी है। अगर भारत अपनी जीडीपी प्रति व्यक्ति आय को दो, तीन या चार गुना तक बढ़ाता है तो भी वह मिडिल-इनकम देश ही रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि मिडिल-इनकम के जाल से बाहर निकलने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में वृद्धि दर काफी आवश्यक है। पिछले महीने आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के लक्ष्य को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया था। इसकी वजह देश में निजी खपत (विशेषकर ग्रामीण भारत में) का बढ़ना था।



- पिछले महीने आईएमएफ ने वित्त वर्ष **2024-25** के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के लक्ष्य को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया था।

## ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा कीमत निर्धारण में गड़बड़ी चिंताजनक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा वस्तुओं के मूल्य निर्धारण करने के तरीके को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे लंबी अवधि में छोटे दुकानदारों और बाजार को नुकसान हो सकता है। एक इवेंट में 'नेट इम्पैक्ट ऑफ ई-कॉमर्स ऑन एम्प्लॉयमेंट एंड कंज्यूमर वेलफेयर इन इंडिया' नाम की रिपोर्ट को लॉन्च करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब अमेजन कहता है कि हम भारत में अरबों डॉलर का निवेश करने जा रहे हैं, तो हम सभी इस बात की खुशी मनाते हैं।



# भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को ग्लोबल साउथ की प्रगति में भारत के समावेशी, बहुपक्षीय दृष्टिकोण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत का उदय वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए शुभ संकेत है। उपराष्ट्रपति ने एक भविष्य का निर्माण" विषय पर 19वें सीआईआई भारत-अफ्रीका व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सभी की भलाई के लिए एक साझा भविष्य बनाने की दिशा में प्रयासों को समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, एक भविष्य का निर्माण मानवता की स्थिरता के लिए आवश्यक है और इस चुनौती को अब और टाला नहीं जा सकता। जलवायु परिवर्तन को मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी देशों से सामूहिक रूप से इस चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। जन भागीदारी और प्राकृतिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि हमारे पास रहने के लिए कोई दूसरा ग्रह नहीं है। भारत और अफ्रीका के बीच गहरे संबंधों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि एक उभरता हुआ अफ्रीका और उभरता हुआ भारत स्वच्छ प्रौद्योगिकी, जलवायु, कृषि, समुद्री सुरक्षा, संपर्क और नीली अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दक्षिण सहयोग को मजबूत गति दे सकता है। 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किए जाने को गर्व की बात बताते हुए उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में अफ्रीकी देशों की भागीदारी की सराहना की।

# 2024-25: कॉरपोरेट इंवेस्टमेंट 54% बढ़ने का अनुमान

एजेंसी



**मुंबई।** भारत का प्राइवेट कॉरपोरेट इन्वेस्टमेंट वित्त वर्ष 2024-25 में 54 प्रतिशत बढ़कर 2,45,212 करोड़ रुपए हो सकता है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 1,59,221 करोड़ रुपए था। आरबीआई की एक स्टडी में यह जानकारी दी गई। आरबीआई की स्टडी में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में निजी कॉरपोरेट सेक्टर द्वारा किया गया निवेश पिछले वर्ष के मुकाबले 57 प्रतिशत अधिक था। वित्त वर्ष 2023-24 में निजी कॉरपोरेट सेक्टर की ओर से किया गया निवेश उत्साह पैदा करने वाला था। यह अधिक प्रोजेक्ट और निवेश के रूप में दिखा, जिन्हें बैंकों और फाइनेंस संस्थाओं की ओर से फाइनेंस किया गया था। इसमें ग्रीन फील्ड (नए) प्रोजेक्ट्स, कुल फाइनेंस किए गए प्रोजेक्ट्स की लागत के 89 प्रतिशत थे। रिपोर्ट में बताया गया कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में सबसे ज्यादा पूंजीगत निवेश आ रहा है, जिसमें रोड, पुल और पावर सेक्टर मुख्य हैं। आरबीआई की ओर से जारी किए जाने वाले मासिक बुलेटिन "स्टेट ऑफ इकोनॉमी" में कहा गया था कि आय बढ़ने के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग में इजाफा देखने को मिल रहा है। मांग में कमी होने के कारण अब तक कम हुए निजी निवेश को इससे प्रोत्साहन और विकास दर को सहारा मिलेगा। आरबीआई की रिपोर्ट में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में हल्का धीमापन दिखने के बाद मांग में तेजी देखने को मिल रही है।

## हेमंत सरकार का 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम

# राज्यभर में 15 सितंबर तक चलेगा अभियान

*इस संबंध में मुख्य सचिव एल खियांगते ने सभी विभागीय सचिवों को पत्र जारी कर इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है।*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसके तहत 30 अगस्त से 15 सितंबर तक पंचायत स्तर पर एक विशेष कैंप लगाए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य सचिव एल खियांगते ने सभी विभागीय सचिवों को पत्र जारी कर इसे सफल बनाने का निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं का आधिकारिक लाभ लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी भी देने का काम किया जाएगा।

### एक सप्ताह पहले प्रचार कराने का निर्देश



मुख्य सचिव के द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि राज्य के सभी जिलों के पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन हो, जिसका शेड्यूल और कार्य योजना संबंधित उपायुक्त के द्वारा तैयार किया जाए। साथ ही शिविर स्थल, तिथि और समय की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं प्रभारी मंत्री को दी जाए ताकि वह भी शिविर में सुविधा अनुसार भाग ले सकें। पंचायत के प्रत्येक गांव, टोला में शिविर स्थान, तिथि और समय का व्यापक प्रचार कम से कम एक सप्ताह पहले करा लिया जाए ताकि शिविर में अधिक से अधिक लोग भाग ले सकें।

**कार्यक्रम के जरिए इन योजनाओं का मिलेगा लाभ :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए 30 अगस्त से राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। 15 सितंबर तक आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से राशि का हस्तांतरण, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, साइकिल के लिए नकद हस्तांतरण जैसी सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन का निपटारा किया जाएगा।

इसके अलावा ऑन द स्पॉट शिकायत का निवारण करने की भी तैयारी की गई है। जिसके तहत आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, राजस्व से संबंधित मामला, आधार, राशन कार्ड में संशोधन, बिजली बिल से संबंधित शिकायत आदि का भी निपटारा किया जाएगा।

## पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**



रांची। भाजपा के प्रदेश के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में हुए नियुक्ति घोटाला मामले में राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि अनेकों बार बता चुका हूं कि पीजीटी स्कैम झारखंड का सबसे बड़ा नियुक्ति घोटाला है। अब तो इसके प्रमाण भी सामने आने लगे हैं। मरांडी ने कहा है कि जेएसएससी ने अपने वेबसाइट पर जो स्कोर कार्ड अपलोड किये हैं, उसके अनुसार 100 अंक के पेपर में 252 अंक दे दिये गये हैं। पीजीटी रिजल्ट प्रकाशन में कई गड़बड़ियां सामने आ चुकी है। हजारों छात्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग करते रहे लेकिन मुख्यमंत्री ने आनन-फानन में नियुक्ति पत्र भी बांट दिया। भारतीय जनता पार्टी युवाओं के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। भाजपा उक्त मामले की सीबीआई जांच करा के पीजीटी नियुक्ति प्रकरण में सीट बेचने वालों को कड़ी सजा दिलायेगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी बेटियां कल भी दुष्कर्म की शिकार बनीं और पिछले 4.5 सालों से अब तक यह सिलसिला राज्य में चलते आ रहा है। रांची जिला के चान्हो प्रखंड में नाबालिग आदिवासी बच्ची के साथ मीमशाद अंसारी ने दुष्कर्म किया। आदिवासी महिलाओं के साथ धर्म विशेष के युवक लगातार दुष्कर्म कर रहे हैं। दुमका, साहिबगंज से लेकर रांची तक ऐसी घृणित घटनाएं सामने आ रही हैं। खुद को आदिवासी मुख्यमंत्री कहने वाले हेमंत सोरेन आज तक कभी भी आदिवासी महिलाओं की दुर्दशा पर अपनी चिंता तक व्यक्त नहीं की।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कार्यस्थल का ऑडिट शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए गैंगरेप और हत्या की वारदात के बाद पूरे झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ऑडिट शुरू कर दिया गया है। सुरक्षा ऑडिट के लिए सभी अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, लेडीज हॉस्टल के साथ-साथ जिन कार्यालयों में महिला कर्मी काम करती हैं, उन सभी स्थलों को शामिल किया गया। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उनके कार्यस्थल का सुरक्षा ऑडिट शुरू किया गया है। राजधानी रांची में सुरक्षा ऑडिट का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। सुरक्षा ऑडिट के तहत प्रत्येक थाना क्षेत्र में पड़ने वाले सभी अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, लेडीज हॉस्टल, वर्किंग लेडीज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल की लिस्ट तैयार कर स्थानीय थाना प्रभारी के द्वारा सभी स्थलों का फिजिकल वेरिफिकेशन किया गया है। सुरक्षा ऑडिट के दौरान पुलिस ने कई बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की है।



एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि राजधानी में चाहे अस्पताल हो कॉलेज हो या फिर सरकारी और निजी संस्थान जहां महिलाएं काम करती हैं उन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किस तरह के इंतजाम हैं, इसे लेकर ऑडिट किया गया है। ऑडिट के दौरान यह देखा गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के आने-जाने की क्या व्यवस्था है। अगर महिलाएं नाइट ड्यूटी करती हैं तो उनके लिए उन स्थलों पर किस तरह की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाई जा रही है। जिन कार्यालय में महिलाएं काम करती हैं वहां सीसीटीवी लगा हुआ है या नहीं। कार्यालय के आसपास के क्षेत्रों में अड्डेबाजी तो नहीं होती है। क्या कभी कार्यस्थल पर आने और जाने के समय किसी महिलाकर्मी के द्वारा किसी आपराधिक चरित्र के व्यक्ति के द्वारा छेड़खानी की गई है। अगर छेड़छाड़ की गई है तो उसके खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है या नहीं। इन सभी मुद्दों को सुरक्षा ऑडिट में शामिल किया जा रहा है। सिन्हा ने बताया कि राजधानी में महिला कार्यस्थल को लेकर सुरक्षा ऑडिट का काम लगभग पूरा होने के कगार पर है। सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट मिलने के बाद उस रिपोर्ट पर मंथन किया जाएगा। अगर कहीं सुरक्षा में चूक मिलती है या प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरे का घेरा नहीं है तो ऐसे समस्याओं को दूर करने के लिए बैठकर बात की जाएगी।

## वैश्य सद्भावना महासम्मेलन का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया है कि महात्मा गांधी की जयंती पर रांची में वैश्य सद्भावना महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कांके स्थित कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु के आवासीय कार्यालय में बुधवार को आयोजित बैठक में आगे की रणनीति और निर्धारित कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में गत 31 जुलाई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपे गए 10 सूत्री मांग-पत्र पर चर्चा हुई और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गई। बैठक में कहा गया कि महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को प्रस्तावित कार्यक्रम वैश्य सद्भावना महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी हो सके। इसकी व्यापक तैयारी के लिए 30 अगस्त को भुरकुंडा में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## पीएमजीएसवाई के लिए इंजीनियरों की टीम बनेगी : एल खियांगते

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांगते ने प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना के लिए अभियंताओं की विशेष टीम गठित करने का निर्देश ग्रामीण कार्य विभाग को दिया है। यह टीम भारत सरकार से पीएमजीएसवाई की योजनाओं की स्वीकृति व आवंटन कराने के लिए समन्वय का काम करेगी। जेएसआरआरडीए अपने अधीनस्थ इंजीनियरों को इसके लिए प्रतिनियुक्त करेगा। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पीएमजीएसवाई से सड़कों का जाल बिछाने की योजना चल रही है। 250, 500 व 1000 बसावटों वाले गांव तक सड़क बनायी जा रही है। वहीं, अब 100 की आबादी वाले गांव में भी पीएमजीएसवाई से सड़कें ली जानी हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए अलग से रोड व ब्रिज परियोजनाएं चल रही है। झारखंड में करीब दो साल पहले पीएमजीएसवाई से नयी सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति मिली थी। ऐसे में नये सिरे से स्वीकृति के लिए डीपीआर तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**जिले में भारत बंद असरदार...**

चाहिए। आरक्षण में वर्गीकरण के खिलाफ लगातार आंदोलन जारी रहेगा। बंद का असर पलामू के ग्रामीण इलाकों में भी देखा गया. बंद के कारण ग्रामीण इलाके के लोग शहरी क्षेत्र से कट गए। स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जाम के कारण एंबुलेंस चालक गंभीर मरीज को रास्ते बदल कर ले जाने को मजबूर हुए। शहर में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार पुलिस बल के जवानों के साथ गश्त करते रहें। मौके पर जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, सोनू खान, नफीस खान, जितेंद्र कमलापुरी, अशोक पासवान, शैलेश चंद्रवंशी, रविंद्र कुमार, मुकेश सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा, विनोद पाठक, पिंटू सिंह, अनिल कुमार सिंह, तुलसी पासवान, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश पासवान, दीपू चौरसिया, रमेश कुमार, इसरार खान, आरिफ खान,परवेज खान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**क्या है सुप्रीम कोर्ट का निर्णय :** दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमीलेयर को लेकर फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि सभी एससी-एसटी जातियां और जनजातियां एक समान वर्ग नहीं हैं। कुछ जातियां अधिक पिछड़ी हो सकती हैं, जो पिछड़ी हैं उनके लिए राज्य सरकारें एससी-एसटी आरक्षण का वर्गीकरण (सब-क्लासिफिकेशन) कर अलग से कोटा निर्धारित कर सकती है। ऐसा करना संविधान के आर्टिकल-341 के खिलाफ नहीं है, लेकिन इसमें भी राज्य सरकार को दो शर्तों का ध्यान रखना होगा। पहला एससी के भीतर किसी एक जाति को सौ फीसदी कोटा नहीं दे सकती और दूसरा कोटा तय करने से पहले उनकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिए।

**चंपाई सोरेन अपना राजनीतिक...**

रिकॉर्ड चंपाई सोरेन ने कहा कि सीएम बनने के बाद जिस तरह से अपमानित किया जा रहा था, उसको बयां नहीं किया जा सकता है। चंपाई सोरेन का गुस्सा सीधे तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर था। चंपाई की इस घोषणा से भाजपा में शामिल होने के कयासों पर अब विराम लग गया है। हालांकि उन्होंने अभी तक नहीं बताया है कि उनकी पार्टी का क्या नाम होगा। इससे पहले कहा जा रहा था कि बीजेपी के कुछ बड़े नेताओं के संपर्क में चंपाई सोरेन थे। मगर ऐन वक्त पर खेल बिगड़ गया और दिल्ली यात्रा उनकी राजनीतिक नहीं बल्कि निजी हो गई। कहा जा रहा है कि प्रदेश स्तर के कुछ बीजेपी नेताओं ने ही खेल बिगाड़ने का काम किया और चंपाई के भाजपा में इंट्री से पहले ही इस पर विराम लग गया। अब सभी को उनका अगला कदम क्या होगा, इसपर निगाहें टिकी है।

**चंपाई का एस्कॉर्ट वाहन...**

मुड़िया के पास अज्ञात वाहन से टकरा गया। एस्कॉर्ट वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां पहुंचे। प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद अधिकारी और पुलिस की टीम वहां पहुंची। दुर्घटना में घायल सभी लोगों को सदर अस्पताल ले जाया गया। शव को भी सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। दुर्घटना में मृत चालक का नाम विनय बानसिंह (45) है। वह पश्चिमी सिंहभूम जिला के खूंटपानी प्रखंड के भोया गांव का रहने वाला था। जबकि वाहन सवार पांच जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल सभी जवानों को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए सभी को जमशेदपुर रेफर कर दिया गया। घायल पुलिसकर्मियों की पहचान दयाल महतो (47), मनोज भगत (40), हरीश लागुरी (25), सिलास विल्सन और सावन हेंब्रम (38) के रूप में हुई है।

**45 सालों में पहली बार...**

फोन पर बात की थी। यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को निकालने में पोलैंड ने जो सहायता दी, उसके लिए धन्यवाद दिया था। साल 2022 में पोलैंड के रास्ते 4000 से अधिक भारतीय छात्रों को निकाला गया था। पीएम मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात भूकंप के दौरान पोलैंड द्वारा दी गई सहायता को भी याद किया। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलैंड के कई परिवारों और युवा अनाथों को बचाने में जामनगर के महाराजा द्वारा निभाई गई भूमिका को भी याद किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, पोलैंड में कई भारतीय कंपनियों की सक्रिय उपस्थिति है और वे आईटी से लेकर फार्मास्यूटिकल्स, विनिर्माण से लेकर कृषि वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, धातु और रसायन तक कई क्षेत्रों में कार्यरत हैं। भारत में पोलैंड की लगभग 30 कंपनियों की उपस्थिति है।


## शपथ पत्र

मैं, प्रिया कुमारी पिता लवकिशोर चौरसिया, ग्राम-कोशियारा, पो.-कटुअल, थाना-चैनपुर, जिला-पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक एकरार करती हूं कि मेरा आधार कार्ड में प्रतिभा कुमारी प्रिया दर्ज है। जबकि मेरा नाम मैट्रीक, इंटर एवं सभी दस्तावेज में प्रिया कुमारी है। ये दोनों नाम मेरा ही है। मेरा सही नाम प्रिया कुमारी है।

**शपथ पत्र संख्या :XIII/4555/ दिनांक : 21/08/2024**



### कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401
दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

**CORRIGENDUM**
**CANCELLATION OF TENDER**

इस कार्यालय के पत्रांक–898/न0प0, दिनांक–10.08.2024 के द्वारा e-Tender Reference No.-UDD/CH/NPC/07/2024-25 दिनांक–10.08.2024 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा अन्तर्गत 15वें वित्त आयोग तहत solar energy based water plant निर्माण कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से ई–निविदा निकाली गई थी, जिसका PR. No.-332487 Urban Development (24-25)D है।

उक्त आमंत्रित ई–निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 333312 (Urban Development) 24-25 (D)



### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(मृत अज्ञात व्यक्ति के शव का फोटो)



मेराल थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम–कुम्भी के पास रेलवे लाईन पर एक अज्ञात पुरुष का शव कटा हुआ पाया गया है। इस संबंध में मेराल थाना (जिला–गढ़वा, झारखण्ड) यु0डी0 कांड सं0–21/24 दिनांक–13.08.2024 दर्ज किया गया है। उक्त व्यक्ति के शव का पहचान कराने हेतु 72 घंटा तक सदर अस्पताल गढ़वा के शीतगृह में रखा गया, परन्तु अबतक उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव का पहचान नहीं हो पाया है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की जानकारी या पहचान हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक गढ़वा के मोबाईल नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 333249 Police(24-25).D



### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 10/2024-25दिनांक: 20.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | मोकतमा | मोक्तमा | Construction of P.C.C road from Badka Talab to Bagicha via Bhumihar Tola. | 6343900 | 10000 | 127000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23/08/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 24.08.2024 से 31.08.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 333248 (District)24-25*D



### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 09/2024-25 दिनांक: 20.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी: डी0एम0एफ0टी0

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने कीअवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | chatra | sima | doda | Construction of P.C.C Road from NH Road to H/O Arun Singh | 4552800 | 5000 | 91500 | 04 माह |
| 2 | मयुरहण्ड | हुसिया | हुसिया | ग्राम पंचायत भवन सह सचिवालय का चाहरदिवारी निर्माण | 1472600 | 2500 | 29500 | 03 माह |
| 3 | चतरा | डमडोईया | डमडोईया | Construction of P.C.C road from Ladhiya to Dushyani. | 4984600 | 5000 | 100000 | 04 माह |
| 4 | चतरा | डमडोईया | डहुरी | Construction of Boundry Wall M.S Damdoiya. | 2102200 | 5000 | 42500 | 04 माह |
| 5 | चतरा | मोकतमा | कच्चा | Construction of P.C.C road from Gambhel to H/O Ramlal Ganjhu | 4302500 | 5000 | 86500 | 04 माह |
| 6 | चतरा | मोकतमा | कारी | Construction of P.C.C road from Transformer to Birhor Tola. | 3195400 | 5000 | 64000 | 04 माह |
| 7 | चतरा | मोकतमा | अकौना | Construction of P.C.C road from H/O Mukhlal Yadav to Dhangar Kodwa Chhat Ghat. | 3411800 | 5000 | 68500 | 04 माह |
| 8 | चतरा | मोकतमा | टोला चरका पिपर | Construction of P.C.C road from H/O Puran Ganjhu to H/O Kailash Ganjhu. | 3471700 | 5000 | 69500 | 04 माह |
| 9 | चतरा | मोकतमा | डहुरा | Construction of P.C.C road from Devi Mandap to Panghatiya. | 2182400 | 5000 | 44000 | 04 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29/08/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 29.08.2024 से 06.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 09.09.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.333241 District(24-25):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/07/2024-25/RE/Gr_2

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका अंतर्गत पंचायत दुन्दु के पुराने दुन्दु में बहेर नाला पर पुल निर्माण। | 3,21,53,600 | 6,43,100 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लातेहार

PR 333305 Rural Development(24-25).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 12/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 21.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 26/2024-25 | गढ़वा मझिआँव पी0डबलूडी0 पथ जोबरिया मोड़ से घुटघोड़ी शिव मंदिर नगमा सीमा होते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोबरईया तक पथ निर्माण कार्य। (6.150 कि0मी0) | 722.637 | सात करोड़ बाईस लाख तिरसठ हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | चिनियाँ | RWD/GARHWA/ 27/2024-25 | चिनियाँ पी0डबलूडी0 पथ जमुनियाँटाँड़ मोड़ से राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिशन स्कूल तक पथ निर्माण कार्य। (3.390 कि0मी0) | 532.653 | पाँच करोड़ बत्तीस लाख पैंसठ हजार तीन सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 28/2024-25 | चिरौंजिया हरिजन टोला से हनुमान मंदिर होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (1.050 कि0मी0) | 99.959 | निन्यानबे लाख पन्चानबे हजार नौ सौ रूपये। | 06 (छ:) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 333302 Rural Work Department (24-25)_D

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह का उद्घाटन गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस आयोजन में चंद्रयान तीन द्वारा जमा किए गए डेटा को सार्वजनिक किया जाएगा। बुधवार को नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, पिछले साल 23 अगस्त के दिन, भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से पर चंद्रयान-3 उतारकर इतिहास रचा था। यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस है। यह न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि चिंतन और आत्मनिरीक्षण और भविष्य के लिए रूपरेखा तैयार करने का भी दिन है। एक तरह से यह हर नागरिक के दिल को छूने वाला अवसर है, नई नीति आने और अंतरिक्ष क्षेत्र के उदारीकरण के साथ, हमने इस क्षेत्र में पिछले 3-4 वर्षों में एक लंबी छलांग लगाई है। उन्होंने कहाकि हम अगले 10 वर्षों में अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में 5 गुना वृद्धि करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। इस वर्ष के उत्सव का विषय चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत मंडपम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का उद्घाटन करेंगी।

## कमला हैरिस के साथ एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा अमेरिका : ओबामा



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की तारीफ की और कहा, कमला हैरिस के साथ अमेरिका एक नए अध्याय की शुरूआत करने के लिए तैयार है। उन्होंने शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन को संबोधित करते हुए यह बात कही। दरअसल, मंगलवार से यहां चार दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम के दौरान ओबामा ने कहा, कमला हैरिस अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए पूरी तरह से तैयार है और अमेरिका एक नए अध्याय का इंतजार कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका एक नई और बेहतर कहानी का इंतजार कर रहा है। हमारे पास ऐसे व्यक्ति को चुनने का मौका है, जिसने अपना पूरा जीवन लोगों को समान अवसर देने की कोशिश में बिताया है। मुझे 16 साल पहले राष्ट्रपति पद के लिए इस पार्टी के नामांकन को स्वीकार करने का सम्मान मिला था। ओबामा ने कहा, मैं बिना किसी सवाल के कह सकता हूं कि आपके उम्मीदवार के रूप में मेरा पहला बड़ा फैसला आपके सबसे अच्छे मित्रों में से एक के रूप में सामने आया।

# काम पर वापस लौटें डॉक्टर : एम्स निदेशक

## नई दिल्ली के जंतर मंतर पर हजारों डाक्टरों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक ने कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर हड़ताल कर रहे डॉक्टरों से काम पर वापस लौटने की अपील की है। इसके साथ चिकित्सकों की चिंताओं के निवारण के लिए विशेष समिति का गठन किया है। निदेशक ने मरीजों के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी डॉक्टरों से काम पर वापस आने की अपील की है। वहीं, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने अपनी मांगों की पूर्ति तक हड़ताल जारी रखने का फैसला किया है। एम्स, नई दिल्ली के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने इस मामले में कहा कि वो मरीजों की देखभाल के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए बुधवार को जंतर-मंतर से ओपीडी सेवाएं देते रहे और प्रदर्शन करते रहे। एम्स के रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने जारी विज्ञप्ति में कहा, आरजी कर एमसीएंडएच और उससे जुड़े मुद्दों पर संज्ञान और हाल के फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम अपने स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रभावित करने वाले ज्वलंत मुद्दों पर कोर्ट के ध्यान की सराहना करते हैं। जंतर मंतर पर बुधवार को आरएमएल, सफदरजंग अस्पताल, एम्स और लेडी हार्डिंग, जीबी पंत अस्पताल के डॉक्टर्स धरना प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने जोर देकर कहा कि जब तक सीबीआई की रिपोर्ट सामने नहीं आती, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने तत्काल न्याय और केंद्रीय सुरक्षा कानून की मांग की, जिसे लागू किया जाना चाहिए।



### आरजी कर अस्पताल में तोड़फोड़ मामले में दो एसीपी, एक इंस्पेक्टर निलंबित

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 14 अगस्त की रात हुई तोड़फोड़ के मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इस महीने की शुरूआत में अस्पताल में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के बाद 14 अगस्त की रात बाहर से आए असामाजिक तत्वों ने कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आपातकालीन विभाग में तोड़फोड़ की थी। आरोप है कि उन्होंने हत्या के साक्ष्य मिटाने के भी प्रयास किये।

### दोषियों को बचाने के लिए ममता बनर्जी सरकार ने सबूत मिटाए : तरुण चुघ

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बलात्कार और हत्या मामले में भाजपा प्रवक्ता तरुण चुघ ने कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी पार्टियों पर जानबूझकर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। तरुण चुघ ने बुधवार को आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने जानबूझकर इस गंभीर मुद्दे पर मौन साध लिया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ पूरी तरह से खड़ी है और देश की भावनाओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

## 28 अगस्त को देशव्यापी बैंक हड़ताल




**रांची/नई दिल्ली।** बैंक यूनियनों के पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के विरोध में 28 अगस्त को देशव्यापी बैंक हड़ताल का आह्वान किया गया है। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के संयोजक डी एन त्रिवेदी ने बताया कि प्रस्तावित हड़ताल राजनीतिक दबाव में बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियन के पदाधिकारियों को आरोप पत्र दिए जाने पर तमाम बैंक यूनियनों ने विरोध जताया है। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ के तेरह पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की गई है इनमें से चार पूर्व सैनिक हैं और उन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया था। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के मल सिंह ने बताया कि 13 पदाधिकारी केरल के हैं। यूनियन पदाधिकारियों को सामूहिक रूप से आरोप पत्र दिए जाने के विरोध में बैंक ऑफ इंडिया स्टॉफ यूनियन ने प्रबंधन के खिलाफ सभी बैंक यूनियनों के साथ हड़ताल करने का फैसला किया है।

## ईरान में पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों से भरी बस का एक्सीडेंट, 28 की मौत

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के यज्द शहर में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। ईरान से इराक जा रहे तीर्थयात्रियों की बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। इसमें 28 पाकिस्तानी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 23 अन्य घायल हो गए। तेहरान में पाकिस्तान के राजदूत ने बुधवार को इस घटना की पुष्टि की। ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुदस्सिर टीपू ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, धार्मिक यात्रा के दौरान 28 पाकिस्तानी



जायरीन की मंगलवार देर रात यज्द शहर में एक सड़क हादसे में मौत हो गई।

## जेपी नड्डा ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। 'भाजपा को जानो' कार्यक्रम के तहत मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति पर विचार किया। भाजपा की ओर से जारी



विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मलेशिया प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम के बीच पिछले दशक में दोनों देशों के बीच संबंधों में वृद्धि पर चर्चा की गई है। दोनों देशों के बीच सहयोग, विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार और आयुर्वेद के क्षेत्रों में भविष्य में संभावनाओं पर चर्चा की गई। नेताओं ने विचारों के आदान-प्रदान के साथ पार्टी-से-पार्टी संबंधों को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** पशु चिकित्सा विज्ञान की एक विशेष शाखा है जिसमें जानवरों और पक्षियों में विभिन्न प्रकार के रोगों का उपचार होता है। यह मानव चिकित्सा विज्ञान के समान है क्योंकि उनका प्राथमिक उद्देश्य भी बीमारियों की रोकथाम, उन्मूलन और जैविक जीवों को स्वस्थ जीवन देना है। पशु चिकित्सक कैसे बने, इसके लिए आपको पशु चिकित्सा विज्ञान में बैचलर डिग्री के बाद पशु चिकित्सा विज्ञान में डीएम या कोई विशेष पशु चिकित्सक बनने के लिए स्पेशलाइजेशन भी हासिल करनी होगी। पशु चिकित्सकों या पशु चिकित्सा डॉक्टरों को आमतौर पर 'पशु चिकित्सक' कहा जाता है क्योंकि वे उन पालतू जानवरों, पशुओं और अन्य जानवरों का निदान और इलाज करने में माहिर होते हैं, जो बीमारियों का सामना कर रहे हैं। पशु चिकित्सक कैसे बने के तरीके को समझने के लिए जरूरी है वक्सीनेशन और चेक अप कर के इम्युनिटी के लिए देखभाल प्रदान करना।

# पशु चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर करियर के कई विकल्प

### क्यों करे **पशु चिकित्सा** की पढ़ाई



- जानवरों की जांच करना, घावो का इलाज करना और सर्जरी करना।
- जानवरों की आपातकालीन देखभाल और इच्छा मृत्यु प्रदान करना।
- जानवरों के मालिकों को देखभाल और दवाएँ देने के बारे में सलाह देना।

*पशु चिकित्सक शहरी क्षेत्रों में काम करना चुन सकते हैं जहां वे घरेलू पालतू जानवरों या सरकारी सहायता प्राप्त पशु देखभाल केंद्रों और पशु पालन विभागों को संभालने की ज़िम्मेदारी उठा सकें। इसके अलावा, वे खेतो में काम करने वाले पशुओं के रोगों के उपचार और निदान की सुविधा के लिए भी जाते हैं।*

### दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज

- रॉयल वेटरनरी कॉलेज, लंदन विश्वविद्यालय
- **कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, डेविस**
- यूट्रेक्ट विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- **कर्नेल विश्वविद्यालय**
- एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- **गुएल्फ़ी विश्वविद्यालय**
- ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी
- **सिडनी विश्वविद्यालय**
- लिवरपूल विश्वविद्यालय
- **मिशिगन स्टेट विश्वविद्यालय**
- कोपेनहेगन विश्वविद्यालय



### पशु चिकित्सकों के प्रकार

1. पालतू जानवरों के पशु चिकित्सक आमतौर पर निजी अस्पतालों में पाए जाते हैं और बिल्लियों, कुत्तों, पक्षियों आदि को उपचार प्रदान करते हैं।
2. कैटल एनिमल के पशु चिकित्सक भेड़, बकरी जैसे जानवरो की बीमारी और चोटों से निपटने के लिए पशुपालकों को पशुओं के भोजन और अन्य स्वास्थ्य पद्धतियों के बारे में जागरुक करते है।
3. फ़ूड सिक्योरिटी और इंस्पेक्शन पशु चिकित्सक आम तौर पर जानवरों और मनुष्यों के बीच संचारित होने वाले पशु रोगों की रोकथाम खोजने के लिए शोध करते हैं।
4. घोड़े के पशुचिकित्सक घोड़ों के उपचार की सुविधा प्रदान करते है।
5. अनुसंधान पशु चिकित्सक नए निदान और शल्य चिकित्सा तकनीक के अनुसंधान में शामिल होते हैं।

### अतिरिक्त योग्यता भी **हासिल करें**

एक पशु चिकित्सक के रूप में, आप सर्जरी, आंतरिक चिकित्सा, दंत चिकित्सा, रेडियोलॉजी, व्यवहार, प्रयोगशाला पशु चिकित्सा, पोषण, आपातकालीन और महत्वपूर्ण देखभाल जैसी अतिरिक्त योग्यता प्राप्त करने पर विचार कर सकते हैं। आपके पास अतिरिक्त योग्यता के प्रमाण पत्र के लिए पात्र होने के लिए 3-4 साल का अनुभव या अतिरिक्त प्रशिक्षण होना चाहिए।

### भारत के टॉप कॉलेज

- इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईवीआरआई), बरेली
- नैशनल डेरी रिसर्च इंस्टिट्यूट (एनडीआरआई), कर्नल।
- गोविंद बल्लभपंत यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर
- वेटरनरी कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (वीसीआरआई), चेन्नई
- कॉलेज ऑफ़ वेटरनरी मेडिसिन एंड एनिमल साइंसेज(सीवीएएस), बीकानेर
- मुंबई यूनिवर्सिटी (एमयू)
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी (एयू), चिदंबरम
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू)
- जूनागढ़ एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, जूनागढ़ी
- सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी
- चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी